सरसंघचालक की पहल से बदल सकती है जातिवाद की तस्वीर 4

द केरल स्टोरी के दो साल पूरे, अदा शर्मा ने कहा-लड़कियों की रोल मॉडल बनने पर खुश हूं 7



ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां 8



तिथि-बैशाख, शुक्ल, एकादशी

सोना - 1,00,690

शेयर मार्केट- 80,746

चांदी- 99,000

निफ्टी- 24,414

अधिकतम -36 °c
न्यूनतम -27 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

ww.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-164 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, गुरुवार 8 मई, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये

## मुर्मू व मोदी की हुई मुलाकात : 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उच्च स्तर की जानकारी साझा

### राष्ट्रपति कार्यालय ने साझा कीं प्रधानमन्त्री व मुर्मू की बैठक की तस्वीरें

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों के सटीक हमलों के बारे में जानकारी दी। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में, भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित जिन आतंकी ठिकानों पर हमला किया उनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

राष्ट्रपति कार्यालय ने बैठक की तस्वीरें साझा कीं और 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले के दो सप्ताह बाद ये मिसाइल हमले किए गए। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी।

**उन्हीं को मारा जिन्होंने मासूमों की जान ली, ऑपरेशन सिंदूर पर बोले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह :** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा अंजाम दिए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहली बार सार्वजनिक रूप से बयान दिया है। उन्होंने हनुमान जी के संदर्भ में सुंदरकाण्ड की चौपाई, 'जिन्ह मोहि मारा तिन मैं मारे' का जिक्र करते हुए इस कार्रवाई को न्यायसंगत और साहसी करार दिया। राजनाथ सिंह ने आज बुधवार को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में ठत्व् की 50 आधारभूत परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन भारत की सैन्य रणनीति, सटीकता और मानवीय दृष्टिकोण का बेहतरीन उदाहरण है।



उन्होंने कहा, जैसा कि आप सभी को जानकारी है, बीती रात भारतीय सेनाओं ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास रच दिया है। हमारी सेनाओं ने जिस सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ यह अभियान अंजाम दिया, वह काबिल-ए-तारीफहै। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सेना ने सभी लक्ष्यों को पूर्व नियोजित योजना के तहत पूरी सटीकता से नष्ट किया और इस दौरान किसी भी नागरिक ठिकाने को नुकसान न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की निर्णायक सोच और जिम्मेदार सैन्य नीति का प्रतीक है।

उन्होंने यह भी कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और हर चुनौती का जवाब सटीक और सशक्त रूप से दिया जाएगा। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत के इस सटीक जवाबी हमले की चर्चा हो रही है और पाकिस्तान अब तक कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाया है।

**एनएसए अजीत डोभाल ने अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देशों को सैन्य कार्रवाई की जानकारी दी :** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर हमलों के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने कई देशों के एनएसए के साथ बातचीत की। डोभाल ने अपने समकक्षों को भारत की तरफसे की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, अजीत डोभाल ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

### सेना ने दिखाया पराक्रम

मुख्यमंत्री योगी ने पहलगाम की आतंकी घटना के जवाब में की गई सैन्य कार्रवाई के लिए तीनों सेनाओं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री और केंद्रीय मंत्रिमंडल को उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से बधाई दी। उन्होंने पहलगाम में शहीद हुए लोगों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। सीएम योगी ने नागरिक सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ व्यक्तिगत तौर पर बातचीत कर उनकी तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में आयोजित मॉक ड्रिल कार्यक्रम के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि यह कार्रवाई आतंकियों को करारा जवाब है। उन्होंने कहा, जिन्होंने भारत के बहन-बेटियों के सिंदूर को छेड़ने की कोशिश की, उन्हें अपना खानदान तक गंवाना पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना की अपने जवानों के प्रति संवेदना का प्रतीक है। सेना की इस निर्णायक (शेष पृष्ठ 7 पर)

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 22 नक्सली ढेर

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जारी नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने बुधवार को 22 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के करेंगुट्टा की पहाड़ियों और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित पहाड़ियों में 21 अप्रैल को 'मिशन संकल्प नाम से अभियान शुरू किया गया था जिसमें लगभग 24 हजार जवान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें 22 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इससे पहले सोमवार को सुरक्षाबलों ने एक वर्दीधारी महिला नक्सली को मार गिराया था तथा घटनास्थल से हथियार और अन्य सामान बरामद किए थे।

वहीं 24 अप्रैल को तीन महिला नक्सली के शव बरामद किए गए थे। उन्होंने बताया कि इस अभियान में सुरक्षाबलों ने अब तक कुल 26 नक्सलियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि बीजापुर जिले के दक्षिण पश्चिम सीमावर्ती क्षेत्र के जंगल में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना के बाद सुरक्षा बल के जवानों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया था। उन्होंने बताया कि बस्तर क्षेत्र में शुरू किए गए सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक इस अभियान में जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स और छत्तीसगढ़ पुलिस के एसटीएफ, (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पाकिस्तानी ठिकानों पर भारतीय सेना के विमानों का हमला



चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने कहा है कि उसने मिशन सिंदूर शुरू किया है और पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में कई जगहों पर आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाया है।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद भारत ने यह कार्रवाई की है. पहलगाम हमले में 26 पर्यटकों की जान गई थी। भारत इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ मानता है, जबकि पाकिस्तान इससे इनकार करता है। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान में कई जगहों को निशाना बनाया है। एक बयान में कहा गया है कि भारतीय युद्धक विमानों ने कम से कम तीन जगहों पर मिसाइलें गिराई हैं, इनमें से दो मिसाइलें पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में जबकि एक मिसाइल पंजाब प्रांत के शहर बहावलपुर में गिराने की बात कही गई है।पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अहमद शरीफने कहा है कि पाकिस्तानी सेना ने भारत के पांच लड़ाकू विमान मार गिराए हैं. शरीफका कहना है, हम सशस्त्र बल, थलसेना, वायुसेना, पाकिस्तान की अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। तो मैं आपको पुष्टि कर सकता हूं कि पांच भारतीय विमान जिनमें तीन रफाएल, एक एसयू 30 और एक मिग-29 को मार गिराया गया है और एक हेरोन ड्रोन को भी मार दिया गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफने समाचार एजेंसी से कम से कम पांच ठिकानों पर हमले की पुष्टि की है। आसिफ का कहना है, हमने तीन आम लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है जिनमें एक बच्चा शामिल है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने पांच जगहों पर हमले की पुष्टि की इनमें तीन ठिकाने पाकिस्तानी कश्मीर और दो पंजाब में हैं।

पंजाब में बहावलपुर और मूरीदके को निशाना बनाने की पुष्टि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने की है। मूरीदके लाहौर से महज 30 किलोमीटर दूर है। इससे पहले पाकिस्तान की सेना ने कहा है कि बहावलपुर में मिसाइल ने मस्जिद को निशाना बनाया है, जिसमें एक बच्चे की मौत हुई है और दो अन्य लोग घायल (शेष पृष्ठ 7 पर)

## विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहेगा कोई विकास खण्ड



चर्चित राजनीति। ब्यूरो

- मुख्यमंत्री योगी ने दिए माइक्रो प्लानिंग व सतत निगरानी के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जनपदों और आकांक्षात्मक विकास खंडों में बदलाव का स्थलीय परीक्षण करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमण पर भेजने के निर्देश दिए हैं।

आज यानि बुधवार को आकांक्षात्मक जनपद और आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 8 आकांक्षात्मक जनपदों में प्रमुख सचिव,सचिव स्तर के 8 अलग-अलग अधिकारियों को 3 दिन के दौरे पर भेजा जाए, इसी तरह, 108 आकांक्षात्मक जनपदों में भ्रमण के लिए विशेष सचिव स्तर के 108 अधिकारियों को भेजा जाए। मुख्यमंत्री की मंशा है कि अधिकारी कार्यक्रमों के प्रारम्भ से अब तक इन क्षेत्रों में आये वास्तविक बदलाव का स्थलीय निरीक्षण करें और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें। भ्रमण की प्रमुख सचिव तथा विशेष सचिव की सूची मुख्यमंत्री कार्यालय से तैयार होगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को बैठक में उत्तर प्रदेश के आकांक्षात्मक जनपदों एवं आकांक्षात्मक विकास खंडों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। नीति आयोग (शेष पृष्ठ 7 पर)

### मुख्यमंत्री योगी ने आधे घंटे देखी मॉक ड्रिल

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ की पुलिस लाइन में बुधवार रात ब्लैक आउट किया गया। यहां हमले से रेस्क्यू की मॉक ड्रिल की गई। इसमें शहर के 5 हजार लोग पहुंचे थे, जिन्हें युद्ध के दौरान कैसे सावधान रहा जाए यह बताया-सिखाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पुलिस लाइन में आधे घंटे मौजूद रहे। मॉक ड्रिल से पहले पुलिस लाइन को मोहल्ले के रूप में बदला गया। भजन-कीर्तन चल रहे थे। बच्चे खेल रहे थे। उन पर हमला हो गया। साथ ही मोहल्ले में आग लग गई। बचाव के लिए मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल से पहले (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पूरा हुआ बेटियों के सिन्दूर का बदला : डॉ. राजेश्वर सिंह





चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा बुधवार को अंसल स्थित आनंदा रिजोर्ट में अर्गजुनगंज मंडल पदाधिकारी सम्मेलन' का याओजना किया गया। इस सम्मेलन में अर्जुनगंज मंडल के बूथ अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल मोर्चों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के साथ लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या ने मंडल पदाधिकारियों को संबोधित किया। आज का दिन बहुत गौरवशाली है, आज हमरे देश की सेना ने गौरवपूर्ण ढंग से ऑपरेशन सिन्दूर का संचालन कर आतंकियों को मिट्टी में मिलाया है। पहलगाम हमले में आतंकियों द्वारा देश की बेटियों का सिन्दूर छीना गया आज उसका बदला चुकाया है। मोदी जी ने धारा 370 हटाई, कश्मीर में शान्ति, समृद्धि आई, पिछले साल 2.25 करोड़ लोग कश्मीर घूमने गए, ये बात आतंक परस्त पकिस्तान सहन नहीं कर सका। आज भारत के पास सशक्त नेतृत्व है, विश्व की चौथी सबसे बड़ी सेना है, हमारी सेना में 4,600 से अधिक आधुनिक टैंक, 2,229 विमान, 600 से अधिक अत्याधुनिक फाइटर जेट-जैसे राफेल और सुखोई हैं, सरोजनी नगर में विश्व की फास्टेस्ट मिसाइल ब्रह्मोस बनने जा रही है। 2025-26 के केंद्रीय बजट में भारत ने अपने रक्षा मंत्रालय (शेष पृष्ठ 7 पर)




# शासनादेशों के अनुसार ही हो विधानमण्डल क्षेत्र विकास निधि का व्यय : उपमुख्यमंत्री

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**● डिप्टी सीएम ने मंजूर की 12 अरब 55 करोड़ की धनराशि**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के लिये वर्ष 2025-26 में विधानसभा के 403 सदस्यों हेतु 100750 लाख रूपये जीएसटी सहित तथा विधान परिषद के 100 में 99 एक स्थान रिक्त हैं के सदस्यों हेतु 24750 लाख रूपये की धनराशि अर्थात विधान मण्डल के कुल 502 यानि 40399 सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रथम किश्त के रूप में 250 लाख की दर से कुल 125500 लाख जीएसटी सहि अवमुक्त किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं कि स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिद्धांतों में उल्लिखित व्यवस्था प्राविधानों तथा इस निमित्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार ही किया जाय।विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना की धनराशि स्वीकृत कर डीआरडीए के डिपाजिट खाता मे स्थानांतरित करके योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार व्यय की जायेगी।व्यय प्रबन्धन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के सम्बन्ध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन किया जायेगा। राजकीय धन व्यय करने में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-12 में दी गयी शर्तों की पूर्ति तथा वित्तीय औचित्य के मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के सापेक्ष वास्तविक रूप से देय,आगणित जीएसटी के समतुल्य ही धनराशि का आहरण व्यय किया जायेगा।विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता का दायित्व मुख्य विकास अधिकारी का होगा।

जनपद के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वीकृत की जा रही धनराशि की जानकारी तथा शासनादेश की प्रति अपने-अपने जनपद से सम्बन्धित विधान सभा,विधान परिषद सदस्यों को एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करायी जायेगी।आहरित की जाने वाली धनराशि डीआरडीए के डिपाजिट खाते में स्थानांतरित की जायेगी एवं इस डिपाजिट खाते से इसका व्यय विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि के मार्गदर्शी सिध्द्धांतों तथा समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुसार किया जायेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को, मेगा हेल्थ कैंप भी लगेगा

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**



**लखनऊ।** 10 मई 2025 को जनपद न्यायालय, लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

इस आयोजन के सफल संचालन हेतु माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ बबीता रानी के निर्देश जारी किये गये हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी एवं विशेष न्यायाधीश, सी.बी.आई. सेन्ट्रल रवीन्द्र कुमार द्विवेदी ने बताया कि लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर पक्षकार अपने लम्बित मामलों का स्थायी निस्तारण करा सकते हैं। लोक अदालत में वाद निस्तारण हेतु कोई शुल्क देय नहीं है और इसमें लिया गया निर्णय अंतिम होता है, जिसके विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती। यह प्रक्रिया सहज, त्वरित और कानूनी जटिलताओं से मुक्त है। श्री द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक वाद, सिविल वाद, बैंक ऋणवसूली प्री-लिटिगेशन वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, नगर निगम, श्रम संबंधी वाद, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एन.आई.एक्ट वाद, विद्युत एवं जल वाद, आरबीट्रेशन वाद एवं यातायात चालानी वाद जैसे प्रकरणों का सुलह के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है। इसके साथ ही पुराना उच्च न्यायालय परिसर, लखनऊ में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस कैम्प में निःशुल्क नेत्र परीक्षण, मुफ्त चश्मों का वितरण, रक्तदान शिविर एवं नशा उन्मूलन कैम्प भी आयोजित होंगे। साथ ही जिला कारागार, लखनऊ में निरुद्ध बंदियों द्वारा निर्मित सामग्री एवं उपकरण का स्टॉल भी लगाया जायेगा। जनपद वासियों से अपील है कि यदि वे अपने लम्बित वादों का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराना चाहते हैं, तो संबंधित न्यायालय, शासकीय कार्यालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के कार्यालय से संपर्क कर अपने वाद को लोक अदालत में नियत करा सकते हैं।

# बीएलओ मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग का प्रथम प्रतिनिधि : ज्ञानेश कुमार

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**



**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने अब तमिलनाडु और पुडुचेरी के क्षेत्र स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारियों को तमिल भाषा में प्रशिक्षण देने का एक और अभूतपूर्व कदम उठाया है।

आईआईआईडीईएम दिल्ली में इस मिश्रित-बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 264 बीएलओ पर्यवेक्षकों, 14 ईआरओ, 2 डीईओ और अन्य अधिकारियों सहित 293 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बीएलओ मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग के प्रथम प्रतिनिधि है। सही और अद्यतन निर्वाचक नामावली में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। पिछले कुछ हफ्तों के दौरान आईआईआईडीईएम में गहन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से 2,300 प्रतिभागी लाभान्वित हुए हैं। आज प्रारंभ हुआ यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले कुछ वर्षों में देश में 1 लाख से अधिक बीएलओ सहित सभी स्तरों पर निर्वाचन पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने के व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम में है।बीएलओ पर्यवेक्षकों को फॉर्म 6, 7 और 8 सहित विभिन्न फॉर्मों को सही ढंग से भरने के लिए संवादात्मक सत्रों, रोल प्ले के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण मॉड्यूल में आईटी समाधानों के उपयोग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल है। इन बीएलओ पर्यवेक्षकों को अन्य बीएलओ को प्रशिक्षित करने के लिए विधान सभा स्तर के मास्टर ट्रेनर के रूप में सक्षम बनाया जा रहा है। प्रतिभागियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 (क) के तहत जिला मजिस्ट्रेट या समकक्ष रैंक के अधिकारी और धारा 24 (ख) के तहत राज्य,संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सीईओ के साथ अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली के खिलाफप्रथम और द्वितीय अपील के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसएसआर कार्यकलाप के पूरा होने के बाद 06-10 जनवरी तक तमिलनाडु और पुडुचेरी से कोई अपील दायर नहीं की गई थी।

## अदानी का फिक्स्ड चार्ज 113 इकाइयों में सबसे महंगा

**लखनऊ, चसं।** उत्तर प्रदेश की कैबिनेट द्वारा कल अदानी पावर लिमिटेड की 800 मेगा वाट की दो इकाइयों से तैयार होने वाली 1600 मेगावाट तापीय पावर परियोजना की कुल 1500 मेगावाट बिजली खरीद का जो रुपया 5.38 प्रति यूनिट में अपनी सहमति दी गई। उसमें फिक्स चार्ज रुपया 3.72 प्रति यूनिट बताया गया और फ्यूल चार्ज रुपया 1.65 प्रति यूनिट बताया गया। उपभोक्ता परिषद आज इसकी सच्चाई बताना चाहता है। उत्पादन इकाइयों की फिक्स चार्ज का मतलब यह होता है कि आप 25 वर्षों के लिए करार कर लिए हैं। बिजली ले या ना ले फिक्स कास्ट का भुगतान आपको करना है। यह टेंडर जिस पद्धति से हुआ है इसमें फिक्स कास्ट बहुत मुश्किल से घटने वाली है। यानी कि यह कहना उचित होगा कि या घटेगा नहीं बल्कि बढ़ने की संभावना है। जहां तक सवाल है कि फ्यूल चार्ज का तो वह जब आज के 5 वर्ष बाद पावर हाउस बनकर तैयार होगा उस समय इसकी दर निर्भर करेगी। ऊर्जा क्षेत्र में निजीकरण का मसौदा तैयार करने वाला असंवैधानिक रूप से नियुक्त ग्रांट थ्रोनटन अडानी के साथ कार्य कर रहा और आगे भी करेगा। उसी की गणित से निजीकरण में खेल होगा। इसीलिए सीबीआई जांच के लिए बार-बार मुख्यमंत्री से उपभोक्ता परिषद गुहार लग रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को शायद या नहीं पता होगा कि उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं के लिए लगभग 113 उत्पादन इकाइयों से बिजली लेती है। वर्तमान मार्च 2025 के आंकड़े की बात की जाए फिक्स कास्ट के रूप में अदानी पावर का कैबिनेट से समझौता हुआ है यह अब तक का सबसे महंगा फिक्स कास्ट है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए मेरिट ऑर्डर डिस्पैच के तहत उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी किए गए मार्च 2025 की बिजली खरीद वह किए गए भुगतान के आंकड़ों पर नजर डालें तो वह स्वतः सिद्ध करता है कि अभी तक रुपया 3 प्रति यूनिट के ऊपर जिन उत्पादन इकाइयों की फिक्स कास्ट है।

## ऑपरेशन 'सिंदूर' की सफलता पर व्यापारियों में खुशी की लहर, मुंह मीठा किया




**लखनऊ, चसं।** भारतीय सेना द्वारा पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या का, ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकी ठिकानों को नष्ट करके बदला लिए जाने से उत्तर प्रदेश के व्यापारियों में खुशी एवं प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। राजधानी के व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के तत्वाधान में राजधानी में तिरंगा मार्च निकालकर ,भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए देश के वीर सैनिकों, प्रधानमंत्री ,गृहमंत्री एवं रक्षा मंत्री को बधाई दी।व्यापारियों ने ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का प्रदर्शन कर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। 7 मई,आपरेशन सिन्दूर चलाकर भारत की सेना द्वारा पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट किए जाने की जानकारी पाकर प्रदेश के व्यापारियों एवं प्रदेश की जनता में अपार खुशी की लहर दौड़ गई। राजधानी लखनऊ के व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के तत्वाधान में अमीनाबाद प्रभारी हिमांशु गुप्ता के नेतृत्व में अमीनाबाद बाजार में तिरंगा मार्च निकाला तथा भारत माता की जयघोष करते हुए देश के वीर सैनिकों, तीनों सेनाध्यक्षों, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री को बधाई दी तथा ढोल नगाड़े बजाकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर अमीनाबाद सहित राजधानी की विभिन्न बाजारों के व्यापारी एवम आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए तथा व्यापारियों ने ?ुशी का इजहार करते हुए देश के सैनिकों देश की सेना प्रधानमंत्री गृह मंत्री एवं रक्षा मंत्री को बधाई देते हुए जयघोष किया। तिरंगा मार्च में अमीनाबाद प्रभारी हिमांशु गुप्ता, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती अनिला अग्रवाल, लखनऊनगर इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, दीपक सिंह चौहान, योगेश शुक्ला, नीरज रस्तोगी, गोविन्द गुप्ता ,मोहम्मद आरिफ़, मोहम्मद तकी, मोहम्मद इकबाल, अतुल गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, सुशील केसरवानी, अमित दीक्षित, विजय ,अमन ,लकी, प्रदीप यादव सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल थे।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बयान जारी करते हुए कहा आपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम और संकल्प का सजीव प्रमाण है, हमें अपनी सेना पर गर्व है। उन्होंने कहा वर्तमान भारत विश्व की महाशक्ति में से एक है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने देश की सेना पर गर्व करते हुए तीनों सेनाध्यक्षो, देश के वीर सैनिकों, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा कहा पाकिस्तान के विरुद्धऔर बड़ी कार्रवाई ,भारत करें ,देश के व्यापारी एवं देश की जनता साथ है ।

## जोन 3 और जोन 6 में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान पॉलिथीन और गंदगी के खिलाफ भी की कार्रवाई

**लखनऊ, चसं।** नगर निगम लखनऊ द्वारा आज जोन 3 और जोन 6 में एक सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम आवागमन और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना था। जोनल अधिकारी जोन (3) अमरजीत सिंह यादव के नेतृत्व में, प्रवर्तन टीम-296 तथा अभियंत्रण टीम की मदद से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा से अकाशीय परिसर तक और पॉलिटेक्निक चौराहा से टीनशेड तक अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 10 ठेले, 5 तख्त, 3 बेंच, 18 क्रेट, 2 तराजू, 1 इलेक्ट्रॉनिक तख्ता, ड्रम हटाए गए। राजस्व निरीक्षक अनवर अहमद और अन्य अधिकारी भी अभियान में मौजूद रहे।जोनल अधिकारी जोन (6) मनोज यादव के नेतृत्व में पुरानी काशीराम कॉलोनी (डी-ब्लॉक 38ध्1), पारा और हंसखेड़ा चौकी से नहर रोड तक अवैध अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 12 ठेले, 15 गुमटी और अन्य सामान हटाया गया। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई और थाना पारा को पत्र भेजकर पुनः अतिक्रमण न होने की सुनिश्चितता हेतु निर्देशित किया गया। इस अभियान में कर अधीक्षक विजय शंकर, राजस्व निरीक्षक आशीष कुशवाहा, प्रवर्तन टीम-296, अभियंत्रण टीम और क्षेत्रीय पुलिस बल की सक्रिय भूमिका रही। दोनों जोनों में अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ पॉलिथीन और गंदगी के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई।

# 30 प्रतिशत संविदा कर्मियों की छंटनी के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा अचानक 30 प्रतिशत आउटसोर्स संविदा कर्मियों की छंटनी का जो निर्णय लिया गया है, उसने लगभग 4500 श्रमिकों की आजीविका को गहरे संकट में डाल दिया है। यह निर्णय न केवल गैरकानूनी है, बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार की रोजगार नीति और मानवाधिकार मूल्यों का भी खुला उल्लंघन है। वर्ष 2017 की तुलना में आज प्रदेश में विद्युत खपत लगभग दोगुनी हो चुकी है।

केवल मध्यांचल डिस्कॉम में ही उपभोक्ताओं की संख्या 58 लाख से बढ़कर 1 करोड़ 10 लाख हो चुकी है। इसके विरोध में विद्युत संविदा मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश के प्रभारी पुनीत राय द्वारा गोखले मार्ग पर निगम मुख्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल प्रारंभ की गई है। मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे ने स्पष्ट किया है कि यदि संविदा कर्मियों की छंटनी तुरंत वापस नहीं ली गई, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी निगम प्रबंधन की होगी।

**सेना के सम्मान में बिजली कर्मियों ने निकाली तिरंगा रैली :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर आज राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में बिजली कर्मियों ने तिरंगा रैली निकाली। निजीकरण के विरोध में शक्तिभवन पर चल रहा क्रमिक अनशन आज छठे दिन जारी रहा। संघर्ष समिति ने अवैध ढंग से नियुक्त किये गये ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रान्ट थॉर्टन की नियुक्ति निरस्त करने और निजीकरण की प्रक्रिया वापस लेने की मांग की है। आज लखनऊ में शक्तिभवन पर चल रहे क्रमिक अनशन स्थल से बिजली कर्मचारियों और अभियन्ताओं ने तिरंगा रैली निकाली। सैकड़ों बिजली कर्मी हाथों में राष्ट्रध्वज लिये हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के समर्थन में नारे लगाते हुए जीपीओ स्थित गांधी प्रतिमा तक गये। संघर्ष समिति के आह्वान पर इसी प्रकार सभी जनपदों और परियोजनाओं पर तिरंगा रैली निकाल कर भारतीय सेना के साथ एकजुटता का प्रदर्शन किया गया। क्रमिक अनशन के छठे दिन आज शक्तिभवन पर 200 से अधिक बिजली कर्मचारी और अभियन्ता क्रमिक अनशन पर बैठे। आज बरेली, अयोध्या, देवीपाटन, रायबरेली, सीतापुर, लखनऊ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपदों से बिजली कर्मी अनशन के लिए आये। लखनऊ नगर के बिजली कर्मी भी बड़ी संख्या में अनशन में सम्मिलित हुए। आज उप्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में हरियाणा के बिजली कर्मियों का दस्ता भी क्रमिक अनशन में सम्मिलित हुआ।

हरियाणा के बिजली कर्मियों का नेतृत्व सुरेश राठी और संजय ढांडी कर रहे थे। संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारी राजेन्द्र घिल्डियाल, सुरेन्द्र सिंह, निखिल नायक, रणवीर सिंह चन्द्रशेखर, दिनेश कुमार सिंह, सुमित सहगल, रजत श्रीवास्तव, अखिलेश मिश्रा, धुरेन्द्र विश्वकर्मा, दिनेश सिंह मुख्यतया सम्मिलित हुए। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु अवैध ढंग से नियुक्त किये गये कंसल्टेंट ग्रान्ट थॉर्टन का झूठा शपथ पत्र और फर्जीवाड़ा पहले ही सामने आ चुका है। अब मिर्जापुर में अडानी पॉवर के साथ 1500 मेगा वाट बिजली खरीद के निर्णय के बाद यह सामने आया है कि अडानी पॉवर का कंसलटेंट ग्रान्ट थॉर्टन है। इससे कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट (हितो के टकराव) का मामला उजागर होकर सामने आ गया है। इससे स्पष्ट है कि निजीकरण के मामले में बड़ा भ्रष्टाचार होने जा रहा है।संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि मिर्जापुर में लगने वाले अडानी पॉवर थर्मल प्लांट की फिक्स कॉस्ट रू 3.72 प्रति यूनिट है जो प्रदेश में लगे हुए बिजली घरों में सबसे अधिक है। इस पॉवर हाउस से 4 साल बाद प्रदेश को बिजली मिलेगी। उस समय वैरियबल कॉस्ट भी बढ़ चुकी होगी। इस प्रकार अडानी पॉवर के इस थर्मल प्लांट से प्रदेश को सबसे मंहगी बिजली मिलने जा रही है। यदि पूर्वांचल का निजीकरण होता है तो पूर्वांचल की गरीब जनता पर इस मंहगी बिजली का भार सीधे-सीधे आयेगा और बिजली की दरों में भारी वृद्धि होगी। निजीकरण के विरोध में क्रमिक अनशन 08 मई को भी जारी रहेगा। 08 मई को मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा, गजरौला, मुरादाबाद, बुलन्दशहर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपदों के बिजली कर्मी अनशन में सम्मिलित होंगे।

**हमें भारतीय सेना पर गर्व है और रहेगा :** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन करके पहलगाम हमले का जो ऐतिहासिक बदला लिया गया उससे पूरे देश का सम्मान बढ़ गया है सभी भारत वासियों को भारतीय सेना पर गर्व है। हमारे देश की सेना सर्वोपरि है। जिस प्रकार से बॉर्डर पर देशवासियों की रक्षा के लिए संकल्पित है उसका योगदान पूरा देश कभी भुला नहीं सकता। उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन ने आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारतीय सेना को हार्दिक बधाई दी।उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी केन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष नेकीराम, महासचिव अनिल कुमार, संगठन सचिव एक प्रभाकर ने कहा केंद्र सरकार के नेतृत्व में भारतीय सेना का पराक्रम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है उसके लिए देशवासी हमेशा भारतीय सेना के कर्जदार रहेंगे।

**निजीकरण के खिलाफउबल रहा बिजलीकर्मियों का गुस्सा :** प्रदेश में बिजली विभाग के निजीकरण और अडानी पॉवर से महंगी बिजली खरीद के खिलाफ विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों बिजलीकर्मी सड़कों पर उतर आए। लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में तिरंगा रैली निकाली गई। वहीं राजधानी के शक्तिभवन पर क्रमिक अनशन छठे दिन भी जारी रहा। संघर्ष समिति ने ग्रान्ट थॉर्टन नाम की कंसल्टिंग कंपनी की नियुक्ति को भी कठघरे में खड़ा किया है।

समिति का कहना है कि यही कंपनी पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण की प्रक्रिया से भी जुड़ी है और अब अडानी पॉवर की ओर से भी सलाहकार है। इससे हितों के टकराव का बड़ा मामला सामने आया है। शक्तिभवन पर अनशन स्थल पर 200 से ज्यादा बिजलीकर्मी और अभियंता बैठे। इनमें अयोध्या, बरेली, रायबरेली, सीतापुर सहित कई जिलों से पहुंचे कर्मी शामिल थे। हरियाणा से भी बिजलीकर्मियों का प्रतिनिधिमंडल अनशन में शामिल हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## 9 मई को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषयक संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ, चसं।** देश की चुनावी प्रणाली में सुधार और सुशासन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पहल के तहत, आगामी 9 मई 2025 को [illegible] यूनिवर्सिटी, अयोध्या रोड, लखनऊ में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर एक विचारमंथन संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री नीरज सिंह के संयोजन में बाबा साहब न्याय चेतना समिति द्वारा आयोजन किया जा रहा है। नीरज सिंह लंबे समय से संवैधानिक चेतना एवं सामाजिक न्याय से जुड़े विषयों पर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं । नीरज सिंह ने बताया कि यह संगोष्ठी देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, सशक्त व समन्वित बनाने हेतु एक संवाद मंच का कार्य करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिन वक्ताओं की उपस्थिति रहेगी, वे हैं- केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री, डॉ. अनूप चंद्र पांडे, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, डॉ. अंजू बाला, सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग। एक राष्ट्र, एक चुनाव एक ऐसा विचार है, जो देश में बार-बार होने वाले चुनावों से उत्पन्न प्रशासनिक अड़चनों, आर्थिक व्यय और राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त कर, शासन को अधिक परिणाममुखी और केंद्रित बनाने की दिशा में अग्रसर है। यह संगोष्ठी विषय के संवैधानिक, व्यवहारिक और सामाजिक पहलुओं पर गहन चर्चा का मंच प्रदान करेगी।

## ए के टी यू में मनाया जाएगा आविर्भाव दिवस

**लखनऊ, चसं।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में गुरुवार को विश्वविद्यालय का आविर्भाव दिवस मनाया जाएगा. इस मौके पर पौधारोपण, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा लोगो प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा होगी.

## हवाई हमले से बचाव का अभ्यास, युद्ध की तैयारी प्रशासन और नागरिकों ने सीखे सुरक्षा के गुर

**रायबरेली, चसं।** जनपद में पाकिस्तान से बढ़े तनाव के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित इस अभ्यास में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने नेतृत्व किया। अभ्यास में व्यापार मंडल के पदाधिकारी, एनसीसी के छात्र, अग्निशमन विभाग और पुलिस विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन बजाया गया। नागरिकों और छात्रों को सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल में ब्लैक आउट की प्रक्रिया का अभ्यास किया गया। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को छिपाने के तरीके बताए गए। हवाई हमले के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का अभ्यास भी कराया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में भारत-पाक युद्ध के समय आयोजित की गई थी। 54 वर्षों के बाद 7 मई 2025 को यह अभ्यास किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को हवाई हमले के दौरान स्वयं की सुरक्षा के लिए आवश्यक जानकारी देना था।

## मंदिर से लौटते समय दो बदमाशों ने पैर में मारी गोली, परिवार से जुड़ा विवाद

**रायबरेली, चसं।** जनपद के डीह थाना क्षेत्र में एक पुजारी को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। पछुआ बारा गांव के 62 वर्षीय रतिपाल साहू पूजा-पाठ का काम करते हैं। वह शाम को पास के मंदिर से पूजा कर पत्नी के साथ लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए दो बदमाशों ने उन पर फायर कर दिया। गोली पुजारी के पैर में लगी। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा गया। डीह थाना प्रभारी जीतेन्द्र मोहन सरोज ने बताया कि प्रारंभिक जांच में न तो किसी से दुश्मनी का मामला सामने आया है और न ही यह लूट की घटना है। पुलिस के अनुसार यह मामला परिवार में किसी सदस्य को बेदखल करने से जुड़ा हो सकता है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## बारात से लौट रहे व्यक्ति पर हमला, चार लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**रायबरेली, चसं।** डीह थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति पर बरात से लौटते समय हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित महेश कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महेश कुमार ने बताया कि 6 मई 2025 को सुबह 3.30 बजे वह बरात से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान संदीप, प्रदीप, चंदर (तीनों रामअधार के पुत्र) और रामअशीष (रामकेतार के पुत्र) अपनी बोलेरो गाड़ी लेकर उनकी तरफआए। महेश के मना करने पर आरोपियों ने गालियां दीं और लाठी-डंडों से मारपीट की। हमले में महेश और उनके भाई उमेश को चोटें आईं। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। सभी आरोपी पीड़ित के गांव पूरे अयोध्या मजरे बेतौरा के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने कांस्टेबल मोहम्मद खालिद की मौजूदगी में शिकायत दर्ज की। सीसीटीएनएस पर एफआईआर की फीडिंग कांस्टेबल शक्ति चौधरी ने की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एनटीपीसी में मिसाइल हमले की मॉक ड्रिल, अग्निशमन दल, सीआईएसएफ और मेडिकल टीम ने दिखाई तत्परता

**रायबरेली, चसं।** एनटीपीसी ऊँचाहार में बुधवार को भारत सरकार के निर्देश पर मिसाइल हमले की परिकल्पना पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास आईसीएच प्लांट कैंटीन के पास हुआ। ड्रिल में प्लांट पर मिसाइल हमले की काल्पनिक स्थिति बनाई गई। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे। सीआईएसएफजवानों सहित अन्य विभागों की टीमों ने तुरंत कार्रवाई की। कैंटीन के पास लगी आग पर काबू पा लिया गया। घायलों की कल्पित स्थिति के लिए एम्बुलेंस भी मौके पर बुलाई गई। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव और सभी विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में यह अभ्यास पूरा हुआ। इस दौरान एनटीपीसी ऊँचाहार की आपात स्थिति से निपटने की क्षमता और विभागों के बीच समन्वय का प्रदर्शन हुआ। मॉक ड्रिल सभी तय मानकों पर खरी उतरी।

## गांजा पीने का विरोध करने पर युवक की पिटाई, ससुर समेत कई लोगों ने किया हमला

**रायबरेली, चसं।** जिले के डीह क्षेत्र के कचनावा गांव में एक युवक को कई लोगों ने मिलकर पीटा। पीड़ित की पत्नी कांती देवी ने बताया कि गांव के कुछ लोग उनके घर पर आकर उनके ससुर के साथ गांजा पीते थे। जब उनके पति ने इसका विरोध किया, तो ससुर और गांव के कई लोगों ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी। घायल पति को पहले सीएचसी डीह ले जाया गया। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला ने डायल 112 पर शिकायत की, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि अभी तक थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## पति पर दूसरी महिला के साथ भागने का आरोप

**रायबरेली, चसं।** पोठई गांव की रहने वाली वर्षा ने डीह थाने में अपने पति के खिलाफशिकायत दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसका पति दूसरी महिला के साथ भाग गया था। वर्षा ने बताया कि अब पति वापस आ गया है। वह उसके साथ मारपीट करता है। पति ने उसे घर से भी निकाल दिया है। महिला ने 7 मई 2025 को शाम 4 बजे थाने में शिकायती पत्र दिया।थाना प्रभारी ने कहा कि उन्हें महिला की शिकायत मिल गई है। मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व राज्य मंत्री दल बहादुर कोरी की पुण्यतिथि, विधायक पुत्र ने दी श्रद्धांजलि

**रायबरेली, चसं।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री स्वर्गीय दल बहादुर कोरी की पुण्यतिथि पर राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह पॉलिटेक्निक विधानसभा क्षेत्र सलोन के डीह ब्लॉक में स्थित है, जिसकी स्थापना स्वर्गीय दल बहादुर कोरी के प्रयासों से हुई थी।

कार्यक्रम में छात्रों ने स्वर्गीय दल बहादुर कोरी के जीवन संघर्षों को याद किया। उनके जीवन के मूलमंत्र राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा थे। उन्होंने जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। साथ ही सादगी, सत्य और समर्पण के मूल्यों को हमेशा प्राथमिकता दी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्गीय दल बहादुर कोरी के पुत्र और वर्तमान विधायक अशोक कुमार ने अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उनकी स्मृतियों को याद किया गया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर निगम पर गलत टैक्स वसूलने का आरोप,व्यापारियों ने जताई नाराजगी

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम क्षेत्र के व्यापारियों में नगर निगम की मनमानी को लेकर जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है। साल 2017 से नगर निगम हाउस टैक्स, जल टैक्स और सीवर टैक्स के अलावा अब एक नया 'यूजर चार्ज' भी वसूल रहा है। ये चार्ज न सिर्फदुकानों पर, बल्कि आम आवासों पर भी लगाया जा रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि यह यूजर चार्ज पूरी तरह से अवैध है। ऋषभ गुप्ता, जो लखनऊ परिक्षेत्र युवा व्यापार मंडल और राजाजीपुरम व्यापार मंडल से जुड़े हैं, कहते हैं- जब हम पहले से हाउस टैक्स दे रहे हैं, तो साफ-सफाई के नाम पर अलग से चार्ज क्यों? नगर निगम ने ये चार्ज एक निजी कंपनी को टेंडर देकर लगाया है, ताकि कंपनी को फायदा पहुंचाया जा सके। यह संविधान के खिलाफहै और हम व्यापारी वर्ग इसका कड़ा विरोध करते हैं। इसी मुद्दे पर लखनऊ परिक्षेत्र युवा व्यापार मंडल की बैठक हुई। बैठक में ऋषभ गुप्ता, सैफखघन, शमशेर अली, चंद प्रकाश, गुड्डू यादव और अंकित बाजपेयी जैसे कई व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने एकमत होकर यूजर चार्ज के खिलाफलोकतांत्रिक तरीके से बहिष्कार का ऐलान किया। व्यापारियों का साफकहना है कि नगर निगम को इस अवैध चार्ज को वापस लेना होगा, नहीं तो विरोध और तेज किया जाएगा।

### रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में 75 से अधिक टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ के बाबूगंज स्थित रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इंटरमीडिएट के सभी वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 75 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद यूथ वेलफेयर सोसाइटी और आसरा वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने छात्रों को अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि अनुशासन से ही सफलता मिलती है। भाजपा महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने विद्या के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही दिशा में मेहनत करने से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुराग साहू ने की। प्रियंक गुप्ता और पार्षद अभिलाषा कटिहार ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव कुमार यादव, कार्यक्रम संयोजक राजीव गुप्ता, राजू साहू, सुदर्शन कटिहार और विनोद सहित कॉलेज के सभी शिक्षक मौजूद रहे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह का माहौल प्रेरणादायक रहा। सम्मानित छात्रों के चेहरे पर गर्व और आत्मविश्वास झलक रहा था। कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्रों का सम्मान करने के साथ अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और अनुशासन के लिए प्रेरित करना था।

### सायरन बजते ही लेट गए एनसीसी कैडेट्स,पलक झपकते आग पर पाया काबू, एलयू में हुई मॉकड्रिल

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ विश्वविद्यालय का गेट नंबर 1 तेज धमाका हुआ और सायरन बजा। एलयू कैडेट तुरंत लेट गए। फिर इमरजेंसी मेडिकल टीम ने लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। ये दृश्य लखनऊ विश्वविद्यालय के रहे, जहां मॉक ड्रिल के दौरान क्विक रिस्पांस पर उनकी पीठ भी थपथपाई गई। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि एनसीसी कैडेटों का अनुशासन, तत्परता, और सेवा-भाव सच मे अद्भुत है। डिजास्टर मैनेजमेंट में उनका कोई सानी नहीं है। एनसीसी के महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विक्रम कुमार ने कैडेटों को आपदा प्रबंधन, संकट की स्थिति में रिस्पांस और कौशल से चुनौतियों का सामना करने पर जोर दिया। एलयू प्रवक्ता प्रो.दुर्गेश ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मकसद कैडेटों को युद्ध जैसी आपातकालीन परिस्थितियों जैसे बम विस्फोट, अचानक ब्लैकआउट, या किसी घायल को अस्पताल पहुंचाने जैसी स्थिति में ट्रेन करना है। अभ्यास के दौरान कैडेटों ने वास्तविक परिस्थितियों का सामना करते हुए रणनीतिक संचालन, प्राथमिक चिकित्सा सहायता, और संकट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का अभ्यास किया। यह अनुभव न केवल उनके मानसिक और शारीरिक बल को सुदृढ़ करता है, बल्कि उनमें टीमवर्क और सेवा भाव की भावना को भी बढ़ावा देता है।

### छात्र छात्राओं ने किया विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण

**लखनऊ, चसं।** कानपुर की 50 सदस्यीय छात्रों की टीम ने आज उत्तर प्रदेश विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियोंको संसदीय प्रणाली विधायी प्रक्रिया तथा विधानसभा की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था।भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, नियमों एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें ई-विधान प्रणाली और डिजिटल प्रक्रिया जैसी नवीनतम तकनीकों के उपयोग के बारे में अवगत कराया गया, जो विधानसभा की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बना रही हैं।जागरण इंस्टीट्यूट ऑफमैनेजमेंट की निदेशक प्रो.डॉ दिव्या चौधरी ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इस अनुभव से उन्हें संसदीय प्रणाली को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हुआ।इस अवसर पर डॉ. दिव्या चौधरी, अमन केसरवानी एवं प्रतिमा गुप्ता भी छात्र-छात्राओं के साथ उपस्थित रहीं।

### कोकीन समेत तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ में यूपी एसटीएफने कोकिन और एमडी ड्रग्स के तस्कर को बुधवार को गिरफ्तार किया। उसके पास से 25 ग्राम कोकिन और 50 ग्राम एमडी बरामद हुई है, जिसकी बाजार में करीब 30 लाख रुपए कीमत है। आरोपी दिल्ली से एक नाइजीरियन से ड्रग्स लाकर लखनऊ में सप्लाई कर रहा था। एसटीएफइस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। एसटीएफके मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर आलमबाग प्रेमनगर निवासी प्रेम बाबू को गाजीपुर प्रेरणा पार्क के पास से मंगलवार रात गिरफ्तार किया गया। उसके पास से बरामद 25 ग्राम कोकिन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 25 लाख रुपए और 50 ग्राम मेफेड्रान (एमडी) की करीब पांच लाख रुपए कीमत है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका ड्रग्स सप्लाई का गिरोह है। पहले होटल में काम करता था, जहां से ड्रग्स तस्करी गिरोह के संपर्क में आया। उसके बाद नई दिल्ली पालमपुर से एक नाइजीरियन से ड्रग्स लेकर में सप्लाई करने लगा।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राजधानी में जश्न का माहौल

## तिरंगा लेकर सड़कों पर निकले लोग, बोले-अबकी बार पीओके लेकर रहेंगे

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** पहलगाम हमले का जवाब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से दिया है जिसके बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। इंदिरा नगर स्थित मुंशी पुलिया पर उत्तर प्रदेश टेंट लाइट केटर्स डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने भारतीय जीत का जश्न मनाया। एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर भारतीय वायुसेना द्वारा 6-7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी कैंपों पर हिंदुस्तानी बारूद बरसाकर उन्हें नेस्तानाबूद कर दिया है। इसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक आक्रामक बदले के तौर पर देखा रहा है।

इसी क्रम मे मुंशी पुलिया चौराहे पर एकत्रित होकर प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को कोटि कोटि बधाई देते हुए विजय कुमार ने कहा की मोदी का छप्पन इंच के सीने ने एक एतिहासिक ऑपरेशन सिंदूर कार्यक्रम चलाकर पाकिस्तान के कई ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों को मार गिराया है और इस बार पीओ के ले के रहेंगे। टेंट कैटर्स लाइट फ्लावर के सभी व्यापारियों ने पटाखे दगा कर जश्न मनाया और हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कीर्ति चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू बिन्देश्वरी, महामंत्री ऋतु जायसवाल, मुकेश यादव, धर्मेन्द्र शर्मा, सुजीत अब्रैलिक, पंचम, नरेन निगम, राजु गुप्ता, अर्पण यादव, शैलेन्द्र सिंह, महेश शर्मा, नीरज सिंह, सोनल, आशीष टंडन, उमेश, बिकास सिंह, अमित सिंह, मनोज बर्मा और सागर सिंह के साथ सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

**पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद यूपी में रेड अलर्ट घोषित :** पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत अब बदला की कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। भारतीय सेना ने और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के अंदर 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल से हमला किया है। जिसके लेकर अब युपी के सभी जिलों में हाई अर्लट घोषित कर दिया है। साथ ही प्रशांत कुमार ने कहा यूपी पुलिस हथियारों के साथ पूरी तरह अलर्ट रहे। आपको बता दें कि प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित के बाद लखनऊ, कानपुर जैसे शहरों में सुरक्षा बढ़ा गई। जगह-जगह वाहनों की चेकिंग की जा रही है। पब्लिक की सुरक्षा के लिए हर स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहें। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ाई जाए। पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षा इकाइयों के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। भारतीय सुरक्षाबलों ने सोमवार रात 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, जिसके तहत भारतीय वायु सेना ने कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस ऑपरेशन के मुख्य लक्ष्य जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठन थे, जो पिछले तीन दशकों से भारत पर बड़े आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार रहे हैं।

**पाकिस्तान पर हमले के बाद राजधानी में जश्न, तिरंगा लेकर सड़कों पर निकले लोग :** राजधानी भारत के पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद लखनऊ में जबरदस्त जश्न है। लोग तिरंगा लेकर सड़कों पर निकल रहे हैं। आर्मी के लिए जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। एक-दूसरे को मिठाई खिला रहे हैं। इस बीच पुलिस लाइन में ब्लैक आउट की रिहर्सल भी शुरू हो गई। लोगों को एयर अटैक और बमबारी से बचने की मॉक ड्रिल कराई जा रही है। मॉक ड्रिल में सायरन बजाकर लोगों को अलर्ट किया। आग लगने पर उसे कैसे बुझाया जाए, इसकी भी ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान शहर के अलग-अलग स्कूलों के बच्चों को युद्ध के हालत में बचाव कार्य का लाइव डेमो दिया गया। स्टूडेंट्स ने जमकर श्भारत माता की जयश् के नारे लगाए। वहीं, चारबाग रेलवे स्टेशन अलर्ट मोड पर है। मॉक ड्रिल के दौरान बमबारी-भगदड़ का सीन क्रिएट किया गया।

सिविल डिफेंस टीम को बताया गया कि बमबारी हुई है और भगदड़ मच गई है। कई लोग घायल हो गए हैं। पुलिस जवान के साथ लोग घायलों को घटनास्थल से बाहर निकालकर मेडिकल पोस्ट पर लाते हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जाता है। शहर के मुस्लिम धर्मगुरुओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा यह बेहद सराहनीय कदम है। हम इसका स्वागत करते हैं। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पीओके पर एयर स्ट्राइक करके मुंह तोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना के जज्बे को सलाम है। इससे पहले मंगलवार को भी पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का रिहर्सल किया गया था। जिसमें सिविल डिफेंस के लोग सायरन बजते ही जमीन पर लेट गए और हाथों से अपने दोनों कान बंद कर लिए था। गोली लगने या हमलों के दौरान क्या किया जाए, इसकी ट्रेनिंग भी आम लोगों को दी गई थी।



**इकबाल अंसारी ने सेना के शौर्य को सराहा, कहा, पाकिस्तान राक्षस है, उसे मारने के लिए राम की जरूरत :** भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नौ ठिकानों पर मिसाइल अटैक कर जम्म्यू और कश्घ्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का आज बदला ले लिया। सेना की कार्रवाई से पूरे देश में खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय सेना के लिए दुआ कर रहा हूं। हमारी भारतीय सेना ने जो जौहर दिखाया है, वह काबिले तारीफ है। पाकिस्तान राक्षस है और राक्षसों को मारने के लिए राम की जरूरत है।

पाकिस्तान के खिलाफ इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया गया। आप को बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई इस कार्रवाई को 'ऑपरेशन सिंदूर के नाम से अंजाम दिया गया जो भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे सैन्य तनाव का एक और अध्याय है। भारत-पाक सैन्य टकराव का इतिहास भारत की स्वतंत्रता और इसके विभाजन के बाद 1947 की लड़ाई से शुरू होता है, जो पुलवामा आत्मघाती हमले के जवाब में भारत की ओर से 2019 में की गई बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक तक फैला है। 1947 (पहला भारत-पाक युद्ध) रू इस युद्ध को प्रथम कश्मीर युद्ध के रूप में भी जाना जाता है। यह तब शुरू हुआ जब नव स्वतंत्र राष्ट्र भारत और पाकिस्तान के बीच तत्कालीन जम्मू कश्मीर रियासत को लेकर संघर्ष छिड़ गया। इसकी शुरुआत अक्टूबर 1947 में हुई जब पाकिस्तान समर्थित कबायली मिलिशिया ने सियासत पर आक्रमण कर दिया।

**जयंत चौधरी ने दी आपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई :** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भारतीय सेना को बधाई देते हुये ट्वीट किया है भारत माता की जय। राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को सलाम करते हुये कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किये गये कायराना हमले का मुंहतोड़ जवाब हमारी देश की सेना और हमारी सरकार ने दिया है। हमारा अखण्ड भारत ऐसी स्थिति में पक्ष विपक्ष एक साथ खड़ा होकर पाकिस्तान के मंसूबे पर पानी फेरने का काम करेगा। राष्ट्रीय लोकदल देश की सेना और सरकार के हर कदम के साथ खड़ा है।उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि इस मुहिम को तब तक जारी रखा जाय जब तक हमारे पड़ोसी मुल्क से एक एक आतंकी का सफाया न हो जाय। उन्होंने आपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि देश का प्रत्येक नागरिक गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

**पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना का कहर :** भारत की सेना ने बीती मंगलवार-बुधवार की रात पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर जबरदस्त प्रहार किया,जिसकी हिंदुस्तान में जमकर तारीफहो रही है। लोग बोले,यह बहुत जरुरी है। देशभर में नेताओं की प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे पराक्रम की जीत बताया है। अखिलेश यादव ने एक्स पूर्व में ट्विटर पर प्रतिक्रिया में लिखा-पराक्रमो विजयते! यानि पराक्रम की विजय होती है। उनका बयान वायरल हो गया और समर्थकों के बीच जोश भरने का काम कर रहा है। इस स्ट्राइक को लेकर जनता के बीच भी खासा उत्साह देखा जा रहा है।देर रात 1.44 बजे रक्षा मंत्रालय ने जानकारी साझा की कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी अड्डों को निशाना बनाया है। हमला योजनाबद्ध था और आतंकी ढांचे को गहरी चोट पहुंचाई गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सेना की कार्रवाई का समर्थन किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पाकिस्तान को ऐसी सीख दी गई है कि वह दोबारा दुस्साहस करने से पहले सौ बार सोचेगा। ओवैसी ने कहा कि आतंकी ढांचे का पूरी तरह सफाया किया जाना चाहिए ताकि फिर कोई दूसरा पहलगाम न दोहराया जा सके। अपनी बात का समापन उन्होंने श्जय हिंदश् के नारे के साथ किया, जो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है।उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर उन 26 निर्दोष लोगों की हत्या का प्रतिशोध है, आतंकियों ने छुपकर अंजाम दिया था।महाना ने कहा कि भारतीय सेना ने उनके आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर एक बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने सेना का आभार व्यक्त किया और शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की।उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय कुमारनिषाद ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह नया भारत है, जो अगर छेड़ा जाएगा तो छोड़ेगा नहीं। उन्होंने भारतीय सेना को गर्व का प्रतीक बताते हुए बधाई दी। अगर दुश्मन नहीं सुधरेगा तो भारत सुधार कर देगा।

**पाकिस्तान में मातम, लखनऊ में बंटे लड्डू,ऑपरेशन सिंदूर का व्यापारीयों ने मनाया जश्न :** भारतीय सेना ने आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया। देर रात हुई कार्रवाई के बाद सुबह से ही लखनऊ में लोग सड़क पर उतर कर खुशी का इजहार कर रहे हैं।

अमीनाबाद में आदर्श व्यापार मंडल ने ढोल-नगाड़े के साथ तिरंगा यात्रा निकाली और लड्डू बांटे। व्यापारियों ने कहा कि सेना ने देश भर की मांग को पूरा किया है। आतंकियों की एक ही सजा मौत होती है, वो दी गई। अमीनाबाद में व्यापारियों ने एकत्रित होकर एक-दूसरे को बधाई दिया। इस दौरान तिरंगा झंडा लहरा कर वंदे मातरम, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद, इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। मौके पर महिलाएं भी मौजूद रहीं। लोगों ने कहा पूरा देश सेना के साथ में है। हमारी सेना ने निर्दोश लोगों के मारे जाने का बदला लिया है। आतंक के खिलाफकार्रवाई के लिए पूरा देश एक जुट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और देश की सेना का धन्यवाद देता है। देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया। हिमांशु गुप्ता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे देश की जो बहनें विधवा हुई थी उन्हें न्याय मिला। पहलगाम में जो इस दुनिया से चले गए हैं वो लौट कर तो नहीं आएंगे मगर आज उनकी आत्मा को शांति जरूर मिली होगी। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जो पीएम मोदी के नेतृत्व में घर में घुसकर मारता है। खामोश है तो दुश्मन। दुश्मन हमें कमजोर समझने की गलती ना करे। जहां भी जरूरत पड़ेगी, उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

**लखनऊ में बीजेपी कार्यकर्ता ने लगाई होर्डिंग :** राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता अमित त्रिपाठी ने बीजेपी कार्यालय के बाहर एक बड़ी होर्डिंग लगाई है। होर्डिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और खुद अमित त्रिपाठी की तस्वीरें हैं। होर्डिंग पर लिखा है-22 अप्रैल मोदी को बता देना, 7 मई मोदी जी ने बता दिया!। इसके अलावा, ये नया भारत है... ये घर में घुसेगा भी, और मारेगा भी! भी लिखा गया है। होर्डिंग में 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया गया है। इसमें एक फाइटर जेट की तस्वीर के साथ पीछे धमाके का दृश्य दिखाया गया है। स्लोगन में लिखा गया-सिंदूर का बदला आतंकियों के खून से। होर्डिंग को लेकर स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है। वहीं बीजेपी कार्यकर्ता इसे भारत की आतंकवाद के खिलाफजीरो टॉलरेंस नीति का प्रतीक बता रहे हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत, विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने निकाला तिरंगा यात्रा :** भारत के द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक का लखनऊ में जश्न मनाया जा रहा है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने गोमतीनगर स्थित 1090 पर जमा होकर एक दूसरे को बधाई दिया। हाथों में तिरंगा और भगवा झंडा लेकर भारत माता की जय, इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि आज का दिन इतिहास में दर्ज किया जाएगा। संगठन के लोगों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद, इंडियन आर्मी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। मौके पर महिलाएं भी मौजूद रही। लोगों ने कहा-पूरा देश सेना के साथ है। हमारी सेना ने निर्दोश लोगों के मारे जाने का बदला लिया है। आतंक के खिलाफकार्रवाई के लिए पूरा देश एक जुट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना का धन्यवाद देता है। देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया। 15 दिनों के बाद पाकिस्तान को ऐसा जवाब मिला कि उसे हमेशा याद रहेगा। गोपाल राय ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे पाक को लाल कर दिया। हमारे देश की जो बहनें विधवा हुई थी उन्हें न्याय मिला। पहलगाम में जो इस दुनिया से चले गए हैं वो लौट कर तो नहीं आएंगे मगर आज उनकी आत्मा को शांति जरूर मिली होगी। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है ।जो पीएम मोदी के नेतृत्व में घर में घुसकर मारता है। खामोश है तो दुश्मन हमें कमजोर समझने की गलती ना करें जहां भी जरूरत पड़ेगी मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

## उलेमा ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया, मदरसे में मॉक ड्रिल हुई

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ मंगलवार को इस्लामिक सेंटर ऑफइंडिया में मॉक ड्रिल की गई। दारुल उलूम फिरंगी महल में मॉक ड्रिल में मदरसे के बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। एमएचए के निर्देश पर किए जा रहे मॉक ड्रिल में स्कूल, मदरसे बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली समेत तमाम मुस्लिम धर्मगुरुओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद ने कहा ग्रह मंत्रालय की ओर से मॉक ड्रिल की एडवाइजरी जारी की गई थी। उसी के सिलसिले में आज हमारे यहां बच्चों को मौके ड्रिल की जानकारी और आपात स्थिति में बचने और बचाने को लेकर प्रशिक्षित किया गया है। खास करके बुजुर्ग और बच्चों को बचाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया है। यह बेहद महत्वपूर्ण चीज है कि सभी लोगों को इस संबंध में जानकारी होनी चाहिए। भारत सरकार की ओर से जो भी महत्वपूर्ण गाइडलाइन जारी हो उस पर गंभीरता से कार्य करना सभी देशवासियों के लिए जरूरी है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि यह बेहद सराहनीय कदम था हम इसका स्वागत करते हैं। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पीओके पर एयर स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब दिया है। जब से पहलगाम में हमला हुआ था तभी से देश का हर नागरिक भारतीय सेना की तरफउम्मीद की निगाह से देख रहा था।

## मंदिर के महंत ने मंत्री के पुत्र को धक्के देकर निकाला वीडियो वायरल, सीओ को सौंपी गई जांच

**लखनऊ, चसं।** ललितपुर के चर्चित तुवन मंदिर में महंत और उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री के बेटे के बीच कहासुनी हो गई। मंदिर के महंत रामलखन दास ने मंत्री मनोहर लाल उर्फमन्नू कोरी के बेटे चंदू कोरी को मंदिर से धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। महंत इतने गुस्से में थे कि चंदू कोरी को कथित तौर पर गालियां तक दीं। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में मंदिर के महंत और चंदू कोरी की आपस की बहस देखी और सुनी जा सकती है। झगड़ा गाली-गलौज तक पहुंचता दिख रहा है। महंत अचानक उठते हैं चंदू कोरी को बुरी तरह लताड़ देते हैं। मंदिर में मौजूद श्रद्धालु और अन्य लोग ये सब देखकर हैरान रह जाते हैं। चंदू के साथ धक्कामुक्की होती है। वे लोगों से कहते हैं कि आजकल के साधु-संतों का यह रवैया है। धक्के खाने के बाद चंदू कोरी को बाहर निकलना पड़ता है।

इस बात का पता नहीं चल पाया है कि महंत और राज्यमंत्री के बेटे के बीच किस बात को लेकर झगड़ा हुआ। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि दोनों के बीच में कोई आपसी मतभेद या विवाद हुआ है। कहानी मंदिर के एक कमरे से शुरू होती है। ये दोनों इसी कमरे में बैठकर आपस में कुछ बात कर रहे थे।अचानक दोनों के बीच किसी बात पर विवाद इतना बढ़ जाता है कि मामला अपशब्द और गाली-गलौज तक पहुंच जाता है।चंदू कोरी महंत के सामने झुकते हैं, महंत उन्हें कमरे से बाहर निकाल देते हैं। कुछ पुलिसकर्मी भी वहां मौजूद रहते हैं।अब तक न तो मंदिर प्रशासन और न ही राज्यमंत्री या चंदू कोरी की तरफसे इस मामले में कुछ कहा गया है।जब मामला सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ तो ललितपुर पुलिस को जवाब देना पड़ा। पुलिस का कहना है कि मामले में क्षेत्राधिकारी सदर को जांच कर जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कपिल देव ने की कौशल विकास मिशन की समीक्षा



- वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के लिये कौशल विकास योजनाओं पर जोर
- गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों पर किया जाए फोकस

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में डेलॉयट इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं अब तक की उपलब्धियों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा कौशल विकास योजनाओं को मिशन मोड में संचालित कर युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। मंत्री ने निर्देश दिया कि डेलॉयट इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठक आयोजित कर कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जाए और आगामी दो वर्षों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कपिल देव अग्रवाल ने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप अप्रेन्टिसशिप को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश के विभिन्न संस्थानों से निरंतर संवाद स्थापित किया जाए तथा स्थानीय स्तर पर युवाओं को अप्रेन्टिसशिप के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएं। कौशल विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छात्रों से योजनाओं की प्रतिक्रिया और अनुभव प्राप्त की जाए। इसके तहत विभागीय अधिकारी रैंडम कॉल के माध्यम से छात्रों से संवाद स्थापित करें। अधिकारियों को स्थानीय निरीक्षण कर छात्रों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि प्रशिक्षित युवा रोजगार के लिए भटकने को मजबूर न हों। युवाओं को स्थानीय क्षेत्रों के अनुरूप प्रचलित पाठ्यक्रम अथवा आधुनिक तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित कर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल विकास मिशन को संयुक्त रूप से रोजगार उन्मुख नए पाठ्यक्रम संचालित करे।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मंडल स्तर पर कार्यक्रम एवं बैठकें करने की आवश्यकता भी जताई ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी रूप से हो सके। स्किल मित्र पोर्टल के माध्यम से सभी विभागों के कौशल विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं का ट्रेड और मोबाइल नंबर सहित आंकड़े दर्ज फीड किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, मिशन निदेशक पुलकित खरे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की हत्या, सड़क किनारे पड़ा मिला शव, परिजनों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर इलाके में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार ने ट्रैक्टर कुचलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आक्रोशित परिजनों ने कार्रवाई न होने तक शव को घर के पास रखकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारियों ने समझाकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इंदिरानगर के जरहरा निवासी सूरज यादव पुत्र झब्बू यादव ट्रैक्टर चलाता था। मृतक के भाई शोभित ने बताया मंगलवार शाम राज जायसवाल काम से ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश की तो उसका शव बुधवार सुबह नेवादा पावर हाउस के पास मिला।

परिजनों का आरोप है कि सूरज की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या की गई है। इसके बाद शव को सड़क किनारे फेंककर आरोपी फरार हो गए। परिजनों ने राज जायसवाल नाम के व्यक्ति पर आरोप लगाया है। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर परिजनों ने घर के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि आरोपी पर कार्रवाई की जाए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मौके पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को समझाकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। एसीपी गाजीपुर अनिध्य विक्रम सिंह का कहना है परिवार की तहरीर पर राज जायसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भाई शोभित ने बताया सूरज कभी-कभार राज का ट्रैक्टर चलाने जाता था। राज मिट्टी खनन का काम करता है। मंगलवार रात 8 बजे राज घर से बुलाकर ले गया था। बुधवार सुबह करीब 7 बजे राज ने कॉल करके बताया तुम्हारे भाई की मौत हो गई है। नेवादा पावर हाउस पहुंच कर देखा तो उसके शरीर पर ट्रैक्टर के पहिए के निशान और शरीर पर चोट के निशान थे। मुंह से खून निकल रहा था। इसके पहले भी पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। जिसके बाद से सूरज ने उसके साथ जाना बंद कर दिया था।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **30.05.2025 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05002025 दिनांक 07.05.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 06/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | (1) लखनऊः सहायक मण्डल इंजीनियर / मुख्यालय / लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, नालियां, कूड़ेदान, सीवरेज प्रणाली आदि का सुधार और संवर्द्धन। |
| 4 | अनुमानित लागत | (1) रु. 2,34,86,535.72 |
| 5 | धरोहर राशि | (1) रु. 2,67,400.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | (क्र.सं. 1 के लिए) स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | 16.05.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 30.05.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1349/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



हिन्दी दैनिक चर्चित राजनीति
लखनऊ, गुरुवार 8 मई, 2025
www.charchitrajnit.com



**क्या हार में, क्या जीत में किंचित नहीं भयभीत मैं कर्तव्य पथ पर जो भी मिला यह भी सही वो भी सही वरदान नहीं मांगूंगा हो कुछ पर हार नहीं मानूंगा : अटल बिहारी वाजपेयी**

## संपादकीय

### युद्ध की कगार पर

इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में चुन-चुनकर मारे गए 26 लोगों की मौत ने पूरे देश के अंतर्मन को झकझोरा है। साथ ही इस घटनाक्रम से उपजे आक्रोश ने सरकार पर आतंकियों व उनके आकाओं को सबक सिखाने का दबाव भी बनाया है। जिसके चलते दोनों देशों की तरफसे तल्ख बयानबाजी का जो दौर शुरू हुआ, वो थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर तक पहुंचा दिया है। जवाबी कार्रवाई के दबाव में स्थितियां खतरनाक स्थिति की तरफबढ़ गई है। दोनों देशों की सीमाओं में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। तीखी बयानबाजी के बीच सैन्य ताकत को बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं। लगातार चिंताजनक होती स्थिति के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफसे बयान आया है। दोनों पक्षों को अधिकतम संयम बरतने की सलाह दी गई है। साथ ही कहा गया है कि तनाव का स्तर कम करने की कोशिश की जाए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का हस्तक्षेप और सुरक्षा परिषद के बंद कमरे में हुआ सलाह-मशविरा अंतर्राष्ट्रीय जगत की चिंता को ही रेखांकित करता है। निस्संदेह, संयुक्त राष्ट्र महासचिव की चेतावनी महज कूटनीतिक बयानबाजी नहीं है। निश्चित रूप से यह परमाणु हथियारों से लैस दो पड़ोसियों के बीच संघर्ष को टालने की महत्त्वपूर्ण कोशिश है। हालांकि, पाकिस्तान ने इस मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ले जाकर भारत के खिलाफमाहौल बनाने का उपक्रम किया था। लेकिन वैश्विक मूड हस्तक्षेप के बजाय तनाव कम करने पर केंद्रित नजर आया। इसमें दो राय नहीं कि अब तक भारत की ओर संयमित प्रतिक्रिया ने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने में मदद ही की है। हालांकि, दंडात्मक कार्रवाई के लिये देश के भीतर बढ़ती मांग ने दिल्ली पर सैन्य विकल्पों पर विचार करने का दबाव जरूर डाला है। हालांकि देश के दीर्घकालीन हितों के मद्देनजर कूटनीतिक प्रयासों से समस्या के समाधान की कोशिश की जानी चाहिए। लेकिन इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जाता कि आंतरिक दबाव के चलते यदि सैन्य विकल्पों को प्राथमिकता दी जाती है, तो कालांतर इससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की शुरुआत हो सकती है। यह भी एक हकीकत है कि ऐसे मौके पर जब आतंकवादियों के क्रूर हमले में मारे गए लोगों के परिवार शोकाकुल हैं और जनता आक्रोशित है, संयम का आह्वान किसी को रास नहीं आएगा। लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यदि पैमाने पर संघर्ष को बढ़ावा देना कल्पना से अधिक तबाही ला सकता है। एक सैन्य टकराव न केवल इस उपमहाद्वीप को अपनी गिरफ्त में ले सकता है, बल्कि दशकों तक इस क्षेत्र को अस्थिर भी बनाये रख सकता है। विगत का अनुभव हमें याद कराता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले युद्ध से न केवल जन-धन की व्यापक क्षति होती है बल्कि साथ में कूटनीतिक अलगाव और आर्थिक झटके भी मिलते हैं। इन हालात में यह जरूरी है कि दोनों देश बैक चैनल के जरिये कूटनीतिक प्रयास करें तथा विश्वास निर्माण के उपायों के लिए फिर से प्रतिबद्धता दिखाएं। वैश्विक समुदायों, खासकर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका व चीन जैसे प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को बयानों से आगे बढ़कर तनाव को बढ़ने से रोकने के लिये सक्रिय रूप से मध्यस्थता करनी चाहिए। हमें यह याद रखना चाहिए कि कश्मीर का सैन्य समाधान अतार्किक ही कहा जाएगा। एकमात्र वास्तविक समाधान निरंतर बातचीत में निहित है। दरअसल, आज अशांति के मूल कारणों को संबोधित करने की जरूरत है।

# सरसंघचालक की पहल से बदल सकती है जातिवाद की तस्वीर

> भाजपा ने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर यह साबित किया भी किया है वोट बैंक की मौजूदा जातिवाद की राजनीति के बावजूद विकास की बुनियाद पर सत्ता प्राप्त की जा सकती है। इसका बड़ा उदाहरण राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन में भी देखने को मिला। इससे पहले भाजपा भी अन्य राजनीतिक दलों की तरह राज्यों में बड़े नेताओं की बंधक बनी हुई थी। इन नेताओं की उपेक्षा करके चुनाव जीतना और किसी और को मुख्यमंत्री बनाना संभव नहीं था, किन्तु भाजपा ने यह भ्रम तोड़ दिया। इसके साथ जाति आधारित नेताओं के पार्टी को ब्लेकमेल किए जाने की परंपरा को भी पछाड़ दिया।

राजनीतिक उद्देश्य के निहितार्थ ही सही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अगड़े, पिछड़े और अंतरजातीय विवाह की शुरुआत करा कर देश में जातिवाद के दुष्चक्र को तोडऩे की दिशा में एक सकारात्मक पहल की है। देश की तरक्की और एकता-अखंडता का अक्षुण रखने में समाज का जाति और उपजातियों में बंटा होना प्रमुख बाधा है। सदियों से चली आ रही जातिवाद की जड़े इतनी गहरी हैं कि इसको समूल उखाड़ कर देश का नवनिर्माण करना किसी दुष्कर चुनौती से कम नहीं है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने वाराणसी में पिता बनकर 125 लड़कियों का कन्यादान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विवाह समाज निर्माण का आधार है। इस भव्य समारोह में सवर्ण, दलित और पिछड़े समाज के 125 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इससे पहले भावगत और संघ परिवार कई बार हिन्दुओं की एकता की दुहाई दे चुके हैं। इस एकता में सबसे बड़ी बाधा जातिवाद है। आरएसएस की समझाइश के बावजूद जातिवाद का असर कम नहीं हुआ। इसके लिए सामूहिक विवाह की शुरुआत करा कर पहल की गई।

जातिवाद तोडऩे की दिशा में यह महज एक कदम है, जबकि फासला सैकड़ों मील का है। यह संभव है कि आरएसएस आगे भी इसी तरह की पहल को जारी रखे। एक-एक कदम बढ़ा कर ही शायद एक दिन बगैर जाति के राष्ट्रवाद का सपना साकार हो सके। इसमें अभी भी बाधाओं की कमी नहीं है। ऐसा नहीं है कि आरएसएस और भाजपा का इसमें कोई छिपा हुआ राजनीतिक एजेंडा नहीं है। राजनीतिक सिद्धि के बावजूद यह प्रयास सकारात्मक ही माना जाएगा। भाजपा ने केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार बना कर यह साबित किया भी किया है वोट बैंक की मौजूदा जातिवाद की राजनीति के बावजूद विकास की बुनियाद पर सत्ता प्राप्त की जा सकती है। इसका बड़ा उदाहरण राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन में भी देखने को मिला। इससे पहले भाजपा भी अन्य राजनीतिक दलों की तरह राज्यों में बड़े नेताओं की बंधक बनी हुई थी। इन नेताओं की उपेक्षा करके चुनाव जीतना और किसी और को मुख्यमंत्री बनाना संभव नहीं था, किन्तु भाजपा ने यह भ्रम तोड़ दिया। इसके साथ जाति आधारित नेताओं के पार्टी को ब्लेकमेल किए जाने की परंपरा को भी पछाड़ दिया। हालांकि दूसरे राजनीतिक दलों में ऐसा करने का साहस अभी तक नहीं है, विपक्षी दलों में इसकी छटपटाहट जरूर नजर आती है। अंतरजातीय विवाह



करने पर अक्सर जातिवाद का कहर न सिर्फ नवविवाहितों को बल्कि उनके पूरे परिवार तक को झेलना पड़ता है। भारत के उत्तरी राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ऑनर किलिंग आम हैं। भारत में ऑनर किलिंग तब होती है जब कोई जोड़ा अपनी जाति या धर्म के बाहर शादी करता है। करनाल की एक सत्र अदालत ने खाप पंचायत के आदेश के विरुद्ध विवाह करने वाले एक युवा जोड़े की हत्या के लिए पांच लोगों को पहली बार मृत्युदंड की सजा सुनाई। इसने खाप पंचायत के एक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा सुनाई, जिसने विवाह को अवैध घोषित कर दिया था और हत्या के समय वह मौजूद था। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और आठ राज्यों को नोटिस जारी कर ऑनर किलिंग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी। सरकार ने सतर्कतापूर्ण रुख अपनाते हुए भारतीय दंड संहिता में संशोधन करने और खाप पंचायतों (जाति आधारित संविधानेतर निकाय) पर लगाम लगाने के पूर्व कानून मंत्री एम. वीरप्पा मोइली के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। हालांकि, इसने राज्यों से परामर्श करने और एक विशेष कानून बनाने की गुंजाइश पर विचार करने के लिए मंत्रियों के एक समूह का गठन करने का फैसला किया, जो ऑनर किलिंग को एक सामाजिक बुराई के रूप में मानेगा। प्रस्तावित ऑनर किलिंग कानून को लेकर विशेषज्ञों में मतभेद है। कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि अगर सही तरीके से लागू किया जाए तो मौजूदा कानून ऑनर किलिंग को रोकने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि अन्य का मानना है कि ऑनर किलिंग की समस्या से निपटने के लिए अधिक सख्त और विशिष्ट प्रावधानों की आवश्यकता है। भारत में 2019 और 2020 में ऑनर किलिंग की संख्या 25-25 थी और 2021 में 33 थी।

दलित ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स नेटवर्क (डीएचआरडीनेट) द्वारा नेशनल काउंसिल फॉर विमेन लीडर्स (एनसीडब्ल्यू) के सहयोग से प्रकाशित एक रिपोर्ट में सात राज्यों- हरियाणा, गुजरात, बिहार, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश- में जाति आधारित ऑनर किलिंग की तस्वीर सामने रखी थी। रिपोर्ट में 2012 से 2021 के बीच के 24 मामलों पर नजर डाली गई है और लगभग सभी मामलों में पीड़ितों/सर्वाइवर्स को रिश्ते या शादी का विरोध करने वाले परिजनों के हाथों अत्यधिक हिंसा का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में पाया गया कि कई मामलों में केवल एक व्यक्ति पर ही नहीं, बल्कि उसके परिवार के सदस्यों पर भी हमला किया गया। हरियाणा के एक मामले में अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले एक पूरे परिवार की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। इसमें तमिलनाडु में एक अन्य मामले में एक जोड़ा ऐसा था, जो अंतरजातीय संबंध में था और साथ घर छोड़कर कहीं जाकर छिप गया था। चूंकि वे मिले नहीं, इसलिए लड़की के परिवार वालों ने बदला लेने के लिए लड़के की बहन का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुरुष अनुसूचित जाति से और महिला थेवर जाति की थी। भारत में सम्मान आधारित अपराधों के लिए कोई विशेष कानून नहीं है। इन मामलों की आईपीसी के मौजूदा प्रावधानों के तहत जांच की जाती है, और जब पीड़ित अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदाय से ताल्लुक रखता है तो एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम लागू होता है। वर्ष 2012 में भारत के विधि आयोग ने सिफारिश की थी कि विशेष रूप से ऑनर क्राइम के लिए एक अलग कानून बनाया जाए। रिपोर्ट के हिस्से के तौर पर एक विधेयक ड्राफ्ट भी किया गया और उसमें किसी जोड़े को डराने-धमकाने के अपराधीकरण समेत विशिष्ट कानूनी कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। हालांकि, 'किसी भी सांसद ने इस बिल को संसद में पेश नहीं किया।' रिपोर्ट बताती है कि विधि आयोग के किए कार्य को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। वर्ष 2018 में, शक्ति वाहिनी बनाम भारत सरकार के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने ऑनर किलिंग को एक गंभीर मुद्दे के रूप में मान्यता दी और ऑनर क्राइम की रोकथाम के लिए राज्य एवं पुलिस प्रशासन की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय की। इस खतरे से निपटने के लिए अब तक कुछ गंभीरता दिखाने वाला एकमात्र राज्य राजस्थान है। वर्ष 2019 में राजस्थान ने 2012 के विधि आयोग की रिपोर्ट पर आधारित एक विधेयक विधानसभा में पेश किया। इसे अगस्त 2019 में राजस्थान विधानसभा में पारित किया गया था। :: एजेंसी

# जातिवार जनगणना से जुड़ी अपार संभावनाएं

पहलगाम कांड के बाद प्रधानमंत्री और संघ प्रमुख की बैठक हुई तो मुल्क बड़े फैसले की उम्मीद कर रहा था। फैसला बड़ा तो हुआ लेकिन पहलगाम के दोषियों को सख्त सजा देने का नहीं। यह कुछ नया ही विषय ऊपर ले आया और इसके चलते यह आरोप भी लगाने लगे कि प्रधानमात्री उस मामले में कुछ करने से बचना चाहते हैं और बढ़ते जनमत का ध्यान दूसरी तरफमोड़ने के लिए उन्होंने जातिगत जनगणना का फैसला कर लिया। यह संयोग हो सकता है लेकिन यह फैसला इतना हल्का नहीं है। समाज और राजनीति के लिहाज से इसके दूरगामी परिणाम होंगे। चौंकाने और चालाकी का शक करने की एक और वजह संघ और भाजपा का पिछला रिकार्ड है जो आरक्षण की राजनीति, जातिगत जनगणना और हिन्दू समाज में श्भेदश् के खिलाफरहा है। लेकिन कहना होगा कि जब जागो तब सबेरा और यह बहुत बड़ा फैसला ही नहीं है, इसमें काफी सारी विसंगतियों को दूर करने का अवसर भी है।

सबसे बड़ी विसंगति तो ओबीसी की संख्या जाने बगैर उसको आरक्षण देना है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पचास फीसदी की सीमा लगाना है जबकि हर अनुमान पिछड़ों-दलित और आदिवासियों की संख्या का अनुपात ज्यादा मानता है। साथ ही मौजूदा समाज में जाति के साथ पिछड़ेपन के और आधार हैं लेकिन उनको चलताऊ मान लिया गया है। कहीं महिलाओं तो कहीं विकलांगों को दो-एक प्रतिशत आरक्षण जैसे समाधान की कोशिश की गई है। परिणाम है कि रोज नए समूह आरक्षण की मांग लेकर मैदान में डटे रहते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तो वे किसान जातियां हैं जो आज भी खेती के मैदान में डटी हैं और उनकी खेती की आमदनी उद्योग, व्यापार और कथित सेवा क्षेत्र की तुलना में पिछड़ती जा रही है। जाट, मराठा, पटेल जैसी जातियां कभी आरक्षण को ठुकरा चुकी थीं लेकिन बदले हालात में उनका आंदोलन सबसे उग्र होता है। दूसरा अध्याय खुद को ओबीसी से अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग में डालने का है। रेडी, लिंगायत, विक्कलिगा और नायर जैसी जातियां क्रीमी लेयर के फार्मूले के खिलाफलगी रहती हैं। अल्पसंख्यक जमातों को आरक्षण के दायरे में लाना, महिलाओं को आरक्षण देना, निजी क्षेत्र में आरक्षण देना और फौज तथा पुलिस में आरक्षण की मांग भी उठती रहती है। खैर मनाइए कि देसी भाषाओं से पढ़े बच्चों, गरीब और ग्रामीण समाज के वंचित बच्चों की तरफसे अभी तक जोरदार आवाज नहीं उठी है। इसलिए यह कहना एकदम उचित है कि जब समाज के हर वर्ग की संख्या और स्थिति का एक साथ व्यापक आंकड़ा आ जाएगा तो सारी वंचनाओं को मिटाने की तरफकदम बढ़ाने वाली आरक्षणध्विशेष अवसर की व्यवस्था लाई जा सकती है। इसलिए यह हिसाब छोड़िए कि यह फैसला क्यों हुआ और यह पहलगाम से ध्यान भटकाने के लिए हुआ, बिहार के आगामी चुनाव के लिए हुआ, कांग्रेस और विपक्ष के दबाव से हुआ या भाजपा को इसका श्रेय उसी तरह मिलेगा जैसा वी पी

> फिर इस बीच लंबी चर्चाओं से जानकार लोगों से पिछड़ेपन के मानकों और वेटेज का एक सर्वमान्य फार्मूला भी तय कर लिया जाए। इसमे जन्मानुगत वंचनाओं का वेटेज ज्यादा होना चाहिए। पर खेतिहर समाज, मजदूरी वाले वर्ग, ग्रामीण और आदिवासी समाज की तकलीफों का भी महत्व समझना होगा। और जब कुल हिसाब होगा तो सचमुच में वही जमात सामने आएगा जिसे विशेष अवसर की जरूरत है। सो राजनीति चले कोई हर्ज नहीं, वोट की मारामारी हों कोई हर्ज नहीं लेकिन शासन से जुड़े लोगों को इस बीच पिछड़ेपन और वंचनाओं की पहचान और वर्गीकरण का काम पूरा कर लेना चाहिए।

सिंह को मिला। शायद वह दौर बीत चुका है और लोग यह भी भूल गए हैं कि भाजपा ने आरक्षण के मुद्दे पर ही बिहार में कर्पूरी ठाकुर और केंद्र में वी पी सिंह सरकार गिरा दी है। इतना बड़ा फैसला लेने का श्रेय नरेंद्र मोदी को दिया जाना चाहिए। और यह उम्मीद छोड़ देनी चाहिए कि इस बार भी मण्डल जैसा तूफान उठेगा या सारी राजनीति तथा संसद और विधान सभाओं का सामाजिक चरित्र बदल जाएगा। वोट भी एकदम से किसी एक तरफजाए अब इसकी संभावना भी कम लगती है। जो हो सकता है वह बहुत बड़ा है। इसमें सबकी जाति को गिनना, समझना और उसका वर्गीकरण करना एक जटिल काम है और जब जातिवार जनगणना होती थी और फिर रोकी गई तब ये सारे फैक्टर थे। जाति गिनने वालों को भी वर्गीकरण और जातियों की संख्या या प्रकृति समझने में दिक्कत हुई लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत निम्न जातियों द्वारा खुद को ऊंचा बताने के दावों को मानने न मानने की हुई। अब आरक्षण का लाभ जुड़ा है तो इस बार खुद को छोटी जाति का या अंत्यज बताने की होड़ होगी। चुनावी राजनीति में संख्या बल का महत्व होने से छोटी-छोटी जातियों का एक नाम के तहत जुटान भी संभव होगा। पर अगर एक साफ और सभी तरह की वंचनाओं को समेटने वाली व्यवस्था बने, जिसमें जातिगत भेदभाव का वेटेज (वजन) सबसे ज्यादा रखा जाए, तो न सिर्फ सर्वस्वीकृत आरक्षण व्यवस्था कायम होगी बल्कि इसमें कथित क्रीमी लेयर के भी स्वतरू छंटते जाने का काम होता जाएगा। कभी जेएनयू के नामांकन में सौ अंकों का बीस फीसदी हिस्सा विभिन्न तरह की वंचनाओं के लिए अलग-अलग वेटेज के आधार पर तय होता था। इसमें जाति, आर्थिक स्थिति, लड़का-लड़की, गांव-शहर और अंग्रेजी स्कूल की पढ़ाई हुई या नहीं, इस आधार पर अलग-अलग अंक थे। जाति और आर्थिक स्थिति में भी कई श्रेणियां और उनके हिसाब से अंक थे। पर कुल विशेष अंक की सीमा बीस ही थी। अगर कोई लड़की बाकी कोई अंक नहीं पाती तो उनको जेंडर के दो या तीन विशेष अंक तो मिल जाते थे। गांव से आया सवर्ण और अच्छी आय वाले बच्चों को भी अंग्रेजी न जानने के नुकसान की भरपाई के दो या तीन अंक मिल जाते थे। दलित और आदिवासी को ज्यादा विशेष नंबर थे लेकिन ओबीसी समूह को भी ठीक ठाक विशेष अंक मिलते थे। जिसके परिवार की कमाई बढ़ी, शहरी हुआ, अंग्रेजी पढ़ाई शुरू हुई तो वह खुद ब खुद क्रीमी लेयर के ऊपर हों जाता था जिसमें दलित-आदिवासी भी हो सकते थे और ओबीसी भी। और इसी के चलते वहां के छात्र समुदाय का चरित्र एकदम अलग बना। उनका अकादमिक प्रदर्शन कैसा हुआ यह बताने की जरूरत नहीं है। जनगणना में सामाजिक स्थिति जानने के दसियों आंकड़े इकठ्ठे किए जाते हैं। 2011 की जनगणना में तो जातियों का पता करने के साथ खेती-बाड़ी, मकान, दूकान, चारपहिया-दो पहिया, रंगीन टीवी, मोबाइल जैसी सारी सूचनाएं इकठ्ठा की गई थीं जिनमें कुछ जारी हुए कुछ दबा लिए गए। इस बार तो अज्ञात कारणों से जनगणना ही रोककर रखी गई है और जातिवार जनगणना ही नहीं महिलाओं का आरक्षण और संसदीय सीटों का पुनर्गठन भी आगे के लिए टाला गया है। गृह मंत्री का दावा है कि अगली जनगणना में बहुत व्यापक सूचनाएं जुटाई जाएंगी। सो जातिगत वंचना या जेंडर की स्थिति के साथ ही दूसरी वंचनाओं का हिसाब लगाना आसान होगा। :: एजेंसी

# मॉक ड्रिल : संयम और साहस दिखाने का समय

देश में आखिरी बार लगभग साढ़े पांच दशक पहले यानी 1971 में हुई भारत-पाकिस्तान जंग के दौरान बचाव के सायरन सुनाई दिये थे। उसके बाद अब एक बार फिर से यह नौबत आई है। पहलगाम (कश्मीर) के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बैसरन में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 सैलानियों और एक स्थानीय गाइड की हत्या कर दी थी। इसके कारण देश भर में पाकिस्तान के प्रति नाराजगी है क्योंकि माना जा

विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ हुई बैठकों ने भी आस बंधाई थी कि लोगों का खून व्यर्थ नहीं जायेगा। सोमवार को जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे तो सरकार समर्थक मीडिया में इसे देश के मोर्चे पर एक कदम आगे जाना कहा गया। हालांकि अब माना जा रहा है कि मोदी के साथ राहुल की यह बैठक केन्द्रीय जांच ब्यूरो



रहा है कि दहशतगर्द पाकिस्तानी जमीन से आये थे। जिस आतंकी संगठन ने इस कार्रवाई का जिम्मा अपने सिर पर लिया है उनको पहले से ही पाकिस्तानी सरकार, वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा पोषित समझा जाता है। सरकार भी पाकिस्तान को मजा चखाने पर आमादा है तथा देश भी चाहता है कि सरकार कड़े कदम उठाये। इसे लेकर सर्वदलीय बैठक में देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने सरकार के साथ अपनी एकजुटता दिखाई है। यह अलग बात है कि बैठक में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनुपस्थित थे। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर मोदी के लौटने से अपेक्षा थी कि सरकार तत्काल कोई कार्रवाई करेगी। इसके विपरीत मोदी लौटकर बिहार में रैली को सम्बोधित करने चले गये, लेकिन वहां से उन्होंने ऐलान किया कि कायराना करतूत करने वालों को ऐसा कड़ा सबक सिखाया जाएगा जो अब तक नहीं देखा गया था। बाद में मोदी की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, (सीबीआई) के नये प्रमुख के चयन को लेकर थी। यहां यह सब बतलाने का तात्पर्य यह है कि देश इस उम्मीद में है कि आतंकियों एवं पाकिस्तान के खिलाफ भारत तत्काल और कठोर कार्रवाई करे। ऐसे में सोमवार को गृह मंत्रालय की ओर से एक परिपत्र जारी हुआ है जिसमें सभी 28 राज्यों के लगभग 250 जिलों के चयनित शहरों एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेशों में मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य जनसामान्य को हवाई हमलों से बचाव का अभ्यास कराना है। बड़े पैमाने पर होने वाली मॉक ड्रिल यह संदेश भी देती है कि देश और उसकी जनता शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही स्तरों पर लड़ाई का सामना करने के लिये तैयार है। यह सरकार की भी तैयारी को दर्शाता है जो एक तरफ आक्रमण के लिये खुद को तैयार कर रही है तो वहीं दूसरी ओर अपने नागरिकों के बचाव के प्रति भी चिंतित है। आशा की जानी चाहिये कि जिन शहरों में युद्धाभ्यास होगा, वहां के नागरिक गम्भीरतापूर्वक इसमें हिस्सा लेंगे।

# खत्म करने होंगे पाकिस्तान से क्रिकेट सम्बन्ध

खेल प्रतिस्पर्धाएं विश्व में आपसी सौहार्द बढ़ाने का एक बड़ा माध्यम हैं। खेल संस्कृति के दृष्टिकोण पर गौर करें तो बड़े से बड़े खिलाड़ी भी खेल मैदान पर शालीनता, मैत्रीपूर्ण व सकारात्मक तरीके से खेलना पसंद करते हैं। जीत-हार खेल के दो पहलू हैं। खेल का परिणाम जो भी हो, प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करके जीत व हार को विनम्रता से स्वीकार करना खिलाड़ी व खेल की महानता को दर्शाता है। अंग्रेजों ने क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' कहा था। लेकिन खेल के मैदान में यदि प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान हो तो नैतिकता व शिष्टाचार वजूद तलाशते हैं। क्रिकेट व हॉकी में पाकिस्तान भारत का कट्टर प्रतिद्वंद्वी रहा है।

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ चार युद्धों को अंजाम देकर कई आतंकी हमले भी कराए। हजारों सैनिक व सैकड़ों बेगुनाह लोग मारे गए, मगर पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय क्रिकेट डिप्लोमेसी में कोई बदलाव नहीं हुआ। सन् 1949 में कश्मीर युद्ध की जंगबंदी का ऐलान हुआ। 28 जुलाई 1952 को इंग्लैंड के लॉर्ड्स में 'इंपीरियल क्रिकेट कान्फ्रेंस' में भारत ने सिफारिश करके पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट का दर्जा दिलाने में अहम किरदार अदा किया था। उसके बाद पाकिस्तान ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच अक्तूबर 1952 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर भारत के खिलाफ खेला था। भारत-पाक की उस टेस्ट सीरीज में 'अब्दुल हफीज कारदार' पाक टीम के कप्तान थे। पाक टीम के प्रथम कप्तान कारदार

> 24 सितंबर 2002 को अक्षरधाम हमला हुआ। मगर सन् 2004 में भारतीय टीम पाकिस्तान के दौरे पर थी। 16 अप्रैल 2005 को परवेज मुशर्रफ अजमेर शरीफ की चौखट पर सजदा कर रहा था। सन् 2006 में तथा जून 2008 में ' एशिया कप' के लिए भारतीय टीम एक बार फिर पाक दौरे पर थी। उसके ठीक बाद 26 नवंबर 2008 को पाक पोषित आतंकियों ने मुंबई पर हमला करके 166 लोगों को मौत के घाट उतार दिया था।

विभाजन से पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। दिलचस्प बात यह है कि कंगाली से जूझ रही पाक क्रिकेट टीम सन् 1952 में जब भारत के दौरे पर आई तो उनकी पूरी आर्थिक मदद 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड' ने की थी। इस बात को पाकिस्तानी लेखक 'उमर नोमान' ने अपनी किताब 'ए हिस्ट्री ऑफ क्रिकेट इन पाकिस्तान' में तफसील से बयान किया था। 'भोपाल रियासत' से ताल्लुक रखने वाले व पाक क्रिकेट बोर्ड के चीफ रहे 'शहरयार खान' ने भी उस बात को तसलीम किया था। भारतीय इतिहासकार 'रामचंद्र गुहा' ने भी अपनी किताब 'ए कार्नर ऑफ ए फॉर्नर फील्ड' में लिखा था कि बीसीसीआई ने वित्तीय मदद से पाक क्रिकेट की बुनियाद को मजबूत किया था। मगर पाकिस्तान ने अपनी आवाम को क्रिकेट के लिए भारत का एहसान कभी नहीं बताया। लेकिन एहसान फरामोशी की हद देखिए, भारत की आर्थिक मदद से पाक क्रिकेट टीम सन् 1952 में जब हिंदोस्तान के दौरे पर आई तो टीम कैप्टन कारदार का दिमाग कश्मीर की वादियों में घूम रहा था। टैस्ट सीरीज खत्म होते ही अब्दुल हफीज कारदार ने कश्मीर को पाकिस्तान का अभिन्न अंग बता कर एक नया विवाद खड़ा कर दिया था। कारदार के उस विवादास्पद बयान को खेल भावना के खिलाफ मानकर भारत की तत्कालीन हुकूमत ने अब्दुल हफीज कारदार को भविष्य में भारत आने पर प्रतिबंध लगा दिया था। सन् 1986-87 के दौर में भारतीय सेना सियाचिन ग्लेशियर के महाज पर कब्जा करने के लिए पाक सेना से संघर्ष कर रही थी। हमारे सैनिक बलिदान हो रहे थे। पंजाब सूबे में पाक परस्त आतंक चरम पर था, मगर उसी दौरान 21 फरवरी 1987 को पाक आतंकवाद के जनक जनरल 'जिया उल हक' भारत और पाक के बीच जयपुर टेस्ट मैच देखने के बहाने दिल्ली में तशरीफ ले आए। दिल्ली से पाक वापसी के वक्त जिया उल हक ने एक मखसूस लहजे में जिक्र किया था कि भारत और पाक के बीच अगली जंग पारंपरिक नहीं, बल्कि परमाणु युद्ध होगा। जिया उल हक का वो बयान सियाचिन पर पाक सेना की शर्मनाक शिकस्त की बौखलाहट थी। जनवरी 1999 में पाक फौज कारगिल में घुसपैठ कर चुकी थी। जून 1999 में कारगिल युद्ध चरम पर था। जंग के मैदान से भारतीय सैनिकों की लाशें ताबूतों में आ रही थीं, मगर आठ जून 1999 को भारत व पाक के दरम्यान विश्व कप का मैच खेला गया। कारगिल युद्ध समाप्त हुआ। पाक परस्त आतंकियों ने 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हमला कर दिया जिसमें नौ सुरक्षाकर्मियों ने शहादत को गले लगाकर हमारे मुल्क के सियासी हुक्मरानों को महफूज बचा लिया था। भारतीय सेना 'ऑपरेशन पराक्रम' के तहत सरहदों पर पहुंच चुकी थी। मगर कारगिल जंग का गुनाहगार पाक जरनैल 'परवेज मुशर्रफ' 14 जुलाई 2001 को 'आगरा समिट' के बहाने अपनी बेगम के साथ ताजमहल का दीदार करने पहुंच गया। :: चर्चित डेस्क

## आज का राशिफल

**मेष:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृष:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मिथुन:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कार्यो में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें और परिवार के अनुकूल चलें।

**कर्क:-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं से मन को कष्ट संभव।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कार्यो से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्यो में लापरवाही कतई न करें।

**कन्या:-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नये कार्यो के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। संबंधियों के सहयोग से कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुला:-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिक:-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। भौतिक सुख में वृद्धि होगी।

**धनु:-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**मकर:-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें। नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे।

**कुम्भ:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। आलस्य कतई न करें।

**मीन:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्यो में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।



राशि रत्न

## समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक सम्पन्न

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की मई माह की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में पार्टी के पूर्व विधायक एवं सांसद एवं जिला कार्यकारिणी ब्लॉक नगर विधानसभा एवं फ्रंटल संगठन के पदाधिकारियी ने हिस्सा लिया।आज की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व सांसद श्रीमती उषा वर्मा, पूर्व विधायक अनिल वर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती राजेश्वरी देवी,मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक का एजेंडा बूथ लेवल एजेंट विधानसभाओं की बूथ समितियों स्नातक चुनाव की तैयारी जिला संगठन की मजबूती, निष्क्रिय पदाधिकारी पर कार्रवाई, पीडीए मीटिंगो की समीक्षा का था। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी को बूथ स्तर कमेटी बनाकर फर्जी वोटरों को मतदाता सूची से कटवाने तथा अन्य फर्जी वोटरों की पहचान कर वोटर लिस्टों को साफ सुथरा बनवाने मे पूरी ताकत लगा दें, स्नातक चुनाव में पार्टी का हर कार्य कर्ता स्नातकों के वोट बनवाने में मदद करेगा। आज की बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, राहुल गुप्ता, फूलचंद वर्मा, धर्मवीर यादव ,अलंकार सिंह, हाफिज मंसूरी ,अनिल यादव, रहमत अली मोनू ,प्रदीप राजवंशी, सोनू त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# वीरांगना का जश्न ए ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान में बम फूटे, भारत में फूटे पटाखे

## 9 ठिकानों को नेस्तनाबूत करते हुए सैकड़ों आंतकियों का किया सफाया

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**




**हरदोई।** आतंकवादियों द्वारा कायराना पहलगाम हमले के जवाब में मोदी सरकार के नेतृत्व में हमारी सेनाओं के संयुक्त अभियान ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमला करके पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूत करते हुए सैकड़ों आंतकियों का सफाया किया गया है।

इसी खुशी में आज वीरांगना सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान की अध्यक्ष सुहाना जैन एवं निशक्त जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री सुमत जैन व उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री पवन जैन ने भूतपूर्व सैनिकों को माला पहनाकर व पुष्पवर्षा करके मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया। भूतपूर्व सैनिक व संस्था के सदस्यों सहित तमाम लोग देशभक्ति गीतों पर थिरकते हुए नजर आये और सभी लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर जुलूस रूप में सुहाना जैन के आवास से लखनऊ चुंगी पर आकर आतिशबाजी करके जश्न मनाया।इस दौरान सभी लोग भारत माता की जय,पाकिस्तान मुर्दाबाद,धन्यवाद मोदी, भारतीय सेना जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाते रहे। इस दौरान सुहाना जैन ने मोदी सरकार का धन्यवाद करते हुए भारतीय सेना को बधाई दी और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अधर्म के खिलाफ धर्मयुद्ध का प्रतीक है। हिन्दू परम्परा में सिंदूर केवल वैवाहिक प्रतीक नहीं, बल्कि शक्ति दिव्य स्त्री ऊर्जा का प्रतीक है। जिसका अपमान सृष्टि के संतुलन पर प्रहार है। इस दृष्टि से ऑपरेशन सिंदूर को धर्म और सम्मान की रक्षा के लिए आध्यात्मिक संघर्ष के रूप में देखें,जो माँ दुर्गा के राक्षसों का संहार करने की छवि से प्रेरित है।यह केवल युद्ध नहीं,बल्कि,आतंक के विरुद्ध न्याय है। यह ऑपरेशन सिर्फ प्रतिशोध नहीं, बल्कि धर्म,सम्मान और मानवता की विजय का आह्वान है। इस मौके पर प्रमुख रूप से अर्जुनदेव गुरुद्वारा के ज्ञानी सरदार दिलीप सिंह, बड़े सरदार बिंसी, पूर्व सैनिक वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष कैप्टन अशोक कुमार अग्निहोत्री, सूबेदार मेजर मशाल सिंह ,सूबेदार मेजर योगेंद्र सिंह, हवलदार मुन्नू सिंह,सूबेदार गया प्रसाद, वीरपाल सिंह, मदन मोहन अवस्थी, संतोष दीक्षित, सूबेदार खेमकरन, शिववीर सिंह, राजेंद्र सिंह,यदुवीर सिंह,जे. बी. सिंह, सूबेदार सतीश दीक्षित, कप्तान राम मूर्ति पाल, श्रीमती कुसुम सिंह, अखिलेश गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर फायर कर्मियों ने किया मॉक ड्रिल

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरपालपुर /हरदोई।** भारत पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर गृह मंत्रालय की एडवाइजरी के बाद सभी सरकारी दफ्तरों में प्रशासन की तरफ से मार्क ड्रिल कराया जा रहा है। बुधवार को हरपालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सवायजपुर के फायर इंचार्ज चौहान गौतम ने पहुंचकर लोगों को मार्क ड्रिल के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि इस समय भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चल रहा है जिसको लेकर पाकिस्तान कभी भी किसी समय विस्फोटक बम का इस्तेमाल कर सकता है। जिसको लेकर सभी को सतर्क और चौकन्ना रहना चाहिए। उन्होंने लोगों को बताया कि जैसे ही सायरन की आवाज सुनाई दे। सुरक्षित स्थानों पर चले जाना चाहिए।उन्होंने आग लगने वचाव के लिए प्रशिक्षित किया। इस मौके पर अधीक्षक डॉ आनंद पांडेय, चिकित्सासिकारी डॉ शरद वैश्य, डॉ अजीत मणि, डॉ हसामुद्दीन रनवीर, नीरभान समेत एंबुलेंस कर्मो मौजूद रहे।



**अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति में निबटने हेतु मॉक ड्रिल हुआ :** जिले में अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, हरदोई के स्पष्ट बिलग्राम अग्निशमन केंद्र की यूनिट द्वारा एक महत्वपूर्ण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलग्राम के परिसर में आयोजित की गई, जिसमें सीएचसी के अधीक्षक, चिकित्सा कर्मियों और समस्त स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य अग्नि दुर्घटना जैसी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी बचाव कार्यों का प्रशिक्षण देना था। इस दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आग बुझाने की तकनीकों, सुरक्षित निकासी प्रक्रिया और आपातकालीन उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया। कर्मचारियों को यह भी बताया गया कि ऐसी परिस्थितियों में घबराहट से बचकर संगठित और सुरक्षित तरीके से कार्य कैसे किया जाए। इस मॉक ड्रिल में बिलग्राम अग्निशमन केंद्र के कुशल कर्मचारी फायरमैन अमन द्विवेदी, करुणा शंकर, आशीष कुमार, प्रमोद कुमार, दीपक कुमार और अजय कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल रहे। इन सभी ने अपने अनुभव और प्रशिक्षण के आधार पर मॉक ड्रिल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह आयोजन न केवल अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि स्वास्थ्य केंद्र जैसे संवेदनशील स्थानों पर कार्यरत कर्मचारियों को आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेने और समन्वय के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने इस प्रकार के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया ताकि जिले में अग्नि दुर्घटनाओं से होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। इस मॉक ड्रिल को सभी उपस्थित लोगों ने उपयोगी और शिक्षाप्रद बताया।

**एसपी जादौन के नेतृत्व में वृहद स्तर पर हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन :** हरदोई में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसपी नीरज कुमार जादौन के नेतृत्व में बुधवार को व्यापक स्तर पर मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। एसपी ने स्वयं शहर की सड़कों पर निकलकर पैदल गश्त की और नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी नीरज जादौन ने मीडिया से बातचीत में बताया कि शासन और केंद्र सरकार से प्राप्त निर्देशों के तहत सुबह 7 बजे से पुलिस लाइन और समस्त थानों पर सायरन बजाकर पुलिस की तैयारी की जांच की गई। विशेष रूप से फैमिली लाइन्स, पुलिस व्हीकल इंस्टॉलेशन, थाने, चौकियां, बैरक और हाईराइज बिल्डिंग्स का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि पहले चरण में संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त की गई, जिसमें बायोमैट्रिक और अन्य जरूरी तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की गई। साथ ही सभी थानों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने कस्बों में संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता के साथ गश्त करें। दूसरे चरण में शुगर मिल, इंडस्ट्रियल एरिया, अस्पताल, धार्मिक स्थलों जैसी महत्वपूर्ण जगहों की सुरक्षा तैयारियों की जांच की जाएगी। शाम को होमगार्ड्स, पीआरडी, पुलिस पेंशनर्स, एक्स आर्मी मैन जैसे सभी एलायंस ग्रुप्स से संवाद स्थापित कर उन्हें भी जागरूक किया जाएगा। एसपी ने यह भी बताया कि फायर सर्विस को निर्देशित किया गया है कि मूवी थिएटर, अस्पताल जैसे स्थानों पर अग्निकांड की स्थिति में कैसे निपटना है, इस पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। शहर के प्रमुख चौराहों पर भी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर पहलू की तैयारी की समीक्षा कर नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए और हमारी एलायंस फोर्सेज भी इसमें सहयोग करेंगी। पाकिस्तान पर मिसाइल स्ट्राइक से संबंधित सवाल पर एसपी नीरज जादौन ने कहा, इस विषय पर टिप्पणी करना मेरे लिए ठीक नहीं है। एक ढ्क्र और पुलिस अधिकारी के रूप में मेरा कर्तव्य है कि मैं अपने जिले की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाए रखूं। मेरी सभी जनपदवासियों से अपील है कि वे एयरफोर्सेस और पुलिस पर पूरा भरोसा रखें और किसी को भी आंतरिक शांति भंग करने का अवसर न दें।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** शहर के मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में बुधवार को एक प्रेरणादायी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 तथा ट्रैफिक रूल्स पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन रहे, जिन्होंने मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मेडल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भारत माता के जयघोष के साथ शुरू किए अपने संबोधन में एसपी श्री जादौन ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन और संस्कारों का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि ÷बिना बहानेबाज़ी के नियमित स्कूल आना और पढ़ाई में निरंतरता ही सफलता की कुंजी है।÷ उन्होंने ट्रैफिक नियमों का पालन करने की प्रेरणा देते हुए बताया कि हेलमेट और सीट बेल्ट न सिर्फ कानून का पालन हैं बल्कि जीवन सुरक्षा की ढाल हैं। उन्होंने 'जान है तो जहान है' जैसे संदेशों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम में छात्रा अपूर्वा सिंह व जिज्ञासा सिंह ने ट्रैफिक नियमों पर प्रभावशाली वक्तव्य व कविता प्रस्तुत की,। बच्चों द्वारा ÷रेड रुको, येलो रेडी, ग्रीन चलो÷ गीत ने उपस्थित जनसमूह को ट्रैफिक संकेतों के प्रति सजग किया। बच्चों ने स्वागत गीत के माध्यम से मुख्य अतिथि का अभिवादन कर वातावरण को आत्मीयता से भर दिया।समारोह में बच्चों का आत्मविश्वास, संस्कार और सुरक्षा के प्रति सजगता देखने को मिली, जो जनपद की उज्ज्वल और सुरक्षित भावी पीढ़ी का संकेत है। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा, विद्यालय के प्रबंधक मुकेश सिंह, प्रधानाचार्य भूमिका सिंह, लक्ष्मी देवी सहित शिक्षिकाएँ कविता गुप्ता, अर्पिता सिंह, मंशा बाजपेई, आरती वर्मा, सोनी तिवारी, प्रज्ञा त्रिवेदी, ऐश्वर्या सिंह, कोमल यादव, आरती मिश्रा, वर्तिका शुक्ला, राखी गुप्ता, शिवांगी गुप्ता, विनीता त्रिवेदी, निकिता वर्मा, मानसी मिश्रा, करिश्मा वर्मा, शालिनी पाल, रंजना, राम प्रकाश पांडे, संजय कुमार गुप्ता, अभिनव सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्थापक अखिलेश सिंह ने किया।

## मारपीट की अलग अलग घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाहाबाद/ हरदोई, चसं।** कोतवाली क्षेत्र में अलग अलग गांव में हुई मारपीट की घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर के मजरा नगरा निवासी पिता के अनुसार उसकी पुत्री को जनवरी में गांव निवासी युवक बहला फुसलाकर ले गया था।उसकी पत्नी ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।उसी बात की रंजिश में विपक्षी सोनू पुत्र मान सिंह, मानसिंह और बिलग्राम थाना क्षेत्र निवासी सुखवासी ने उसे 6 मई को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।कोतवाली क्छेत्रेंके मोहल्ला अख्तियार पुर निवासी खुशीराम पुत्र गोकरन के अनुसार वह शाम को घर पर खाना खा रहा था।मोहल्ले के साहिल उर्फ राजा ने शराब के नशे में उसे गाली गलौज किया।शोर सुनकर उसकी पुत्री आ गई विपक्षी ने उसकी पुत्री को उठाकर पटक दिया जिससे वह घायल हो गई।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तडेर निवासी राजीव पुत्र जागन लाल के अनुसार गांव निवासी सुनील पुत्र रामदयाल ने अपनी भाई प्रमोद के साथ पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज करते हुए डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट की उक्त घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है।

## श्री कृष्ण जन्म सेवा दल ने आयोजित किया 104वाँ हनुमान मंगल पाठ

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**





**हरदोई।** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद ऐडकी जन्म व कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर एक सौ चार वे मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरो में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया।

श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री बैजनाथ धाम, श्री शिव श्याम परिवार मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री हनुमान मंदिर कमालगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व् आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री बैजनाथ धाम सरायथोक में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, सुंदर कांड व् आरती के साथ हनुमान जी के भजनो का गुणगान किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी व योग प्रशिक्षिका विनीता पांडेय ने विश्व अस्थमा दिवस पर योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने के तरीकों पर प्रकाश डाला व विभिन्न योगों को कलाप करा योग की जानकारी दी। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, अलका गुप्ता, अमृता सिंह, नीलम गुप्ता, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता, शशि गुप्ता, रामवती देवी, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, अमृता सिंह, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, अनुराधा गुप्ता, चन्दा पांडेय, आर्या गुप्ता, मोनिका गुप्ता, विद्या पांडेय, आरती गुप्ता, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, रानी शुक्ला आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कांशीराम कालोनी में श्री शिव श्याम मंदिर में युवा प्रभारी संध्या श्रीवास्तव के नेतृत्व में काफ़ी संख्या में लोगो ने मंगल पाठ में भाग किया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में गायक पंकज गुप्ता ने सभी को हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक का पाठ करवाया।मंदिर पंडित रवि मिश्रा व अनिरुद्ध तिवारी ने पूजा अर्चन कराया। इस अवसर पर भजन गायक वेद प्रकाश गुप्ता राजू ने भजन सुना लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, बहादुर बेटियाँ फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष रेशमा गुप्ता, नीलम जिंदल, अंशिका अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, श्रीकृष्ण गुप्ता, अवध राज, अक्षत गुप्ता, सचिन शुक्ला, आदित्य सिंह, मोहित शुक्ल, संदीप श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, शोभित गुप्ता, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। ग्राम काईमाऊ में युवा प्रभारी सुमित तिवारी के नेतृत्व में मंगल पाठ हुआ।मल्लावां में आकाश गुप्ता व वंश कटियार के नेतृत्व में काफी संख्या में मौजूद लोगो ने सामूहिक मंगल पाठ किया।

# संक्षिप्त समाचार

## महाराणा प्रताप जयंती पर होगा हरपालपुर में भव्य आयोजन



**हरदोई, चसं।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद द्वारा महाराणा प्रताप जी की जयंती पर 9 मई को एक गेस्ट हाउस, हरपालपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक चला, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी यशपाल सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक,राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गंगा सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य क्षत्रिय इतिहास की जानकारी देना और युवाओं को महाराणा प्रताप के शौर्य, राष्ट्रप्रेम व स्वाभिमान की भावना से प्रेरित करना है।

महाराणा प्रताप के मात-पिता महारानी जयंताबाई व महाराणा उदय सिंह द्वितीय ने देश को एक महान योद्धा दिया, जिनकी गाथा युगों तक गूंजती रहेगी। महाराणा प्रताप ने जीवन भर मुगलों के विरुद्ध संघर्ष किया, पर कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। उनकी मृत्यु पर अकबर भी स्तब्ध रह गया और बोला–हिंदुस्तान ने एक महान मोती खो दिया। परिषद ने महाराणा प्रताप को कोटिशः नमन कर समाज के सभी वर्गों से उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया। श्री चौहान ने पहलगाम आतंकी घटना के विरोध में द्वारा शौर्य दिखाने पर नारे के साथ खुशी जताई, उन्होंने कहा कि हमें हमारी सेवा पर गर्व है।

## ऑपरेशन सिन्दूर से भारत के प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पर पूरे देश को भरोसा : डॉ आदर्श

**हरदोई, चसं।** ग्रामोदय पीजी कॉलेज डिघिया खेरिया में सवर्ण चेतना सभा के नेतृत्व में धन्यवाद मोदी जी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।। कार्यक्रम में भाजपा नेता, सवर्ण चेतना सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आदर्श दीपक मिश्र एडवोकेट के साथ तमाम गणमान्य नागरिकों ने भारत सरकार के ऐतिहासिक निर्णय का समर्थन किया। इस अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि शौर्य,अदम्य साहस की प्रतीक भारतीय सेना ने पाकिस्तान में पापियों को जो नरक भेज कर अतुलित बल प्रदर्शन किया है वह प्रशंसनीय, सराहनीय,और नमन योग्य है,भारत सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आतंकवाद को नष्ट करने की कसम खा चुके भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह, दुश्मन की नस नस से वाफिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल एवं इस आपरेशन सिंदूर से प्रत्यक्ष /अप्रत्यक्ष रुप से जुड़े प्रत्येक देशवासी वीरों का सवर्ण चेतना सभा नंदन वंदन अभिनंदन करती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में बैनर पोस्टर भी लहराये गये। इस मौके पर सुशील कुमार मिश्र ,कौशल किशोर त्रिपाठी, डॉ अभय शंकर मिश्र, मुलायम सिंह यादव ,अभय श्रीवास्तव ,सोनी पांडे जनार्दन मिश्र, दीपक शर्मा बनवारी लाल वर्मा कमल किशोर त्रिपाठी ,उमेश मिश्र अनुराग मिश्रा सुयश प्रकाश मिश्रा ,आकाश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## सीएचसी अधीक्षक ने किया बच्चों का स्वास्थ परीक्षण

**कछौना/हरदोई, चसं।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना के अधीक्षक डॉक्टर रजनीश द्वारा प्राथमिक विद्यालय कछौना देहात तथा प्राथमिक विद्यालय बघोड़ा में चल रहे आरबीएसके के स्वास्थ्य परीक्षण का जायजा लिया जिसमें कुल 135 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अधीक्षक द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी गई। कार्यक्रम के जिला प्रबंधक मोहम्मद शाहिद द्वारा अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को अवगत कराया गया कि किसी भी बच्चे में स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी आने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर तत्काल संपर्क करें। टीम लीडर डॉक्टर करण सिंह की अगुवाई में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा था। इस अवसर पर डॉक्टर वंदना, डॉक्टर अर्चना सिंह, निशा, राखी, दीक्षा आदि उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन से मुस्लिम समाज का होगा विकास : रानू

**हरपालपुर/ हरदोई, चसं।** ब्लाक सभागार मे बुधवार को आयोजित वक्फ संशोधन जन जागरण अभियान के तहत अल्पसंख्यक संवाद संगोष्ठी में भाजपा विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबके विकास के साथ काम कर रही है। सरकार ने संसद में वक्फ सशोधन बिल की मंजूरी मुस्लिम समाज के हित में है।जिससे अब उनका भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि पहले मुस्लिम महिलाओं को पुरुष तलाक तलाक तलाक कहकर उन्हें छोड़ देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं कर पा रहे है। भाजपा सरकार हमेशा सभी के विकास की बात कर रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अनोखेलाल कश्यप, प्रधान उवैस आलम पम्मी, संज्जाद मंसूरी, सागर खां, शमशेर खां,मो0साजिद, इरफान सिद्दीकी मौजूद रहे।

## दलित परिवार को मारपीट कर घायल करने वाला एक आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**हरदोई, चसं।** अरवल थाना क्षेत्र के ग्राम चौसार में एक दलित परिवार के साथ मारपीट के मामले में थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। 3 मई को शिशुपाल पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम चौसार द्वारा थाना अरवल पर तहरीर दी गयी कि प्रबल पुत्र अरुण कुमार निवासी ग्राम चौसार थाना अरवल जनपद हरदोई सहित कुल 11 नामजद व 05-06 अज्ञात अभियुक्तों द्वारा उसके परिवार के सदस्यों को गाली गलौज व मारपीट कर घायल कर दिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना अरवल पुलिस ने ग्यारह नामजद सहित सत्रह लोगों के विरुद्ध दलित एक्ट सहित मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। थाना अरवल के उपनिरीक्षक संतोष कुमार और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी प्रबल पुत्र अरुण कुमार को गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सार्थक प्रयास जारी हैं।पुलिस ने गिरफ्तार युवक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

## बाग में घायल मिले दंपति, इलाज के दौरान महिला की हुई मौत

**हरदोई, चसं।** टड़ियांवा थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर 12 बजे के करीब आम के बाग में एक दंपति के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया।जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।घायल पति को पुलिस की एक टीम इलाज हेतु जिला अस्पताल लेकर गई है।सूचना पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा बाग में पड़े घायल पति पत्नी को इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया।जहां डाक्टरों ने बिट्टन उर्फ बिट्टू को मृत घोषित कर दिया।मृतका के पति को उचित इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है।पुलिस की एक टीम बेहतर इलाज के लिए साथ भेजी गई है।प्रथम दृष्टया परिवार वालों पर ही शक किया जा रहा है।पुलिस गहनता से घटना की जांच पड़ताल कर रही है।दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।पुलिस जल्द ही जांचोपरांत घटना का खुलासा करेगी।

## पुलिस ने दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरदोई, चसं।** मल्लावां थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व एक किशोरी के साथ किए गए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 11 अप्रैल को किशोरी के भाई द्वारा थाना मल्लावां पर तहरीर दी गयी कि रामपाल पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम रत्तेपुरवा द्वारा उसकी बहन के साथ गलत कार्य किया गया। इस संबंध में थाना मल्लावां पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी।थाना मल्लावां के उपनिरीक्षक वालेंद्र कुमार मिश्रा और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### निशानेबाजी में वेदांत ने जीता स्वर्ण पदक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की निशानेबाजी प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को महाराष्ट्र के वेदांत नितिन ने 50 मीटर थ्री पोजीशंस राइफल (पुरुष युवा वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता। आज यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर वेदांत ने 452.5 अंकों के साथ स्वर्ण, हरियाणा के रोहित कन्यन ने 451.9 अंकों के साथ रजत और पंजाब के अमितोज सिंह ने 440.1 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया। जीत के बाद वेदांत ने कहा, पिछली खेलो इंडिया प्रतियोगिता में मैं एक बार पांचवें स्थान पर था, इसलिए इस बार थोड़ा नर्वस था। लेकिन अब जब मैंने स्वर्ण पदक जीता है, तो यह बहुत खास है। मैं 2022 से खेलो इंडिया से जुड़ा हूं और सरकार की आर्थिक सहायता से चीजें काफी आसान हो गई हैं। मैंने पहले भी भाग लिया है, लेकिन इस बार बिहार सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं सराहनीय हैं। रजत पदक विजेता रोहित कन्यन ने कहा, अगर मैंने आखिरी शॉट सही से लिया होता, तो मैं गोल्ड जीत सकता था। अब मैं आने वाली प्रतियोगिताओं में स्वर्ण के लिए तैयारी कर रहा हूं। अमितोज सिंह ने कहा, यह मेरी पहली खेलो इंडिया प्रतियोगिता थी और भगवान की कृपा से मैंने कांस्य पदक जीता।

### भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच शेयर बाजार हरे निशान में बंद, ऑटो और रियल्टी शेयर उछले

**मुंबई, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 105.71 अंक या 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,746.78 और निफ्टी 34.80 या 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,414.40 पर था।बाजार की तेजी का नेतृत्व ऑटो और रियल्टी शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो और रियल्टी इंडेक्स एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। इसके अलावा, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, एनर्जी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स भी हरे निशान में थे। केवल फार्मा और एफएमसीजी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुए हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार, रूपक दे ने कहा कि इंडेक्स एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। वर्तमान स्थिति में बाजार 24,000 से लेकर 24,550 के दायरे में रह सकता है। अगर यह 24,550 के स्तर को तोड़ता है तो बड़ी तेजी आ सकती है। उन्होंने आगे कहा कि गिरावट की स्थिति में 24,200 एक अहम सोपर्ट स्तर है। अगर यह टूटता है तो एनएसई सूचकांक 24,000 के स्तर को भी छू सकता है। लार्जकैप के मुकाबले मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी का ट्रेंड देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 851.90 अंक या 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 54,287.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 222.80 अंक या 1.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,417.95 पर था। सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इटरनल, एमएंडएम, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, टाइटन, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, मारुति सुजुकी और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। एशियन पेंट्स, सन फार्मा, आईटीसी, एचसीएल टेक, रिलायंस, नेस्ले, एचयूएल, टीसीएस और एलएंडटी टॉप लूजर्स थे। शेयर बाजार की शुरुआत सपाट हुई थी। सुबह 9.20 पर सेंसेक्स 40 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,600 और निफ्टी 4.35 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24,375 पर था।

### होम, पर्सनल या ऑटो लोन लेने वालों को एचडीएफसी बैंक ने दी बड़ी राहत

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े निजी बैंक चडीएफसी ने अपने ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। बैंक ने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीआरएल) में 0.15ः तक की कटौती की है। इसका सीधा फायदा उन ग्राहकों को मिलेगा, जिनके होम, पर्सनल या ऑटो लोन डब्स्त् से जुड़े हैं। बैंक ने चुनिंदा लोन अवधियों पर एमसीएलआर को 0.15 फीसदी तक घटा दिया है। इस कटौती के बाद एमसीआरएल 9 फीसदी से 9.20 फीसदी की रेंज में आ गई है, जो पहले 9.10ः से 9.35ः थी। नई दरें 7 मई 2025 से लागू हो चुकी हैं। यह कटौती भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अप्रैल में रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कमी के बाद की गई है। फरवरी से अब तक कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती हो चुकी है। रेपो रेट कम होने से बैंकों के लिए उधारी सस्ती होती है, जिससे वे भी अपने ग्राहकों को सस्ते कर्ज की सुविधा देते हैं। एमसीआरएल घटने से ईएमआई कम होगी या फिर लोन की अवधि घटेगी। इससे कर्जदारों को लंबे समय में अच्छा लाभ मिलेगा।

### सोने का भाव फिसला, 97,000 से नीचे आया प्रति 10 ग्राम का रेट

**मुंबई, एजेंसी।** बुधवार को सोने-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 0.74 फीसदी गिरकर 96,772 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है जबकि चांदी की कीमत 0.20 फीसदी की गिरावट आई है, ये 96,504 रुपए प्रति किग्रा पर है। मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 2,400 रुपए बढ़कर 99,750 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 97,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन बढ़त को जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 2,400 रुपए बढ़कर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 96,900 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सर्राफा संघ के मुताबिक, चांदी की कीमतें भी 1,800 रुपए बढ़कर 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। विशेषज्ञों के मुताबिक, बाजार प्रतिभागियों का ध्यान अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बुधवार को होने वाली बैठक के नतीजों और फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों पर रहेगा। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 45.65 डॉलर यानी 1.37 प्रतिशत बढ़कर 3,379.77 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

### कैबिनेट ने पावर सेक्टर में कोयला आवंटन के लिए संशोधित 'शक्ति' पॉलिसी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने बुधवार को संशोधित शक्ति नीति के अंतर्गत केंद्रीय क्षेत्र, राज्य क्षेत्र और स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) के ताप विद्युत संयंत्रों को नए कोयला लिंकेज प्रदान करने की मंजूरी दी।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस मंजूरी के तहत कोयला लिंकेज को विंडो-I में अधिसूचित कीमत पर केंद्रीय और राज्यों को दिया जाना है। वहीं, कोयला लिंकेज को विंडो-I में अधिसूचित कीमत से प्रीमियम पर उत्पादन इकाइयों (जेनको) को दिया जाता है। बयान में कहा गया है कि विंडो-I में संयुक्त उद्यमों (जेवी) और उनकी सहायक कंपनियों सहित केंद्रीय क्षेत्र की ताप विद्युत परियोजनाओं (टीपीपी) को कोयला लिंकेज प्रदान करने की मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। विद्युत मंत्रालय की सिफारिश पर, मौजूदा तंत्र के अनुसार राज्यों और राज्यों के समूह द्वारा अधिकृत एजेंसी को कोयला लिंकेज निर्धारित किए जाएंगे। राज्यों को निर्धारित कोयला लिंकेज का उपयोग राज्य अपने स्वयं के जेनको, टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) के माध्यम से पहचाने जाने वाले स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों (आईपीपी) या विद्युत कानून, 2003 की धारा 62 के तहत विद्युत खरीद समझौता (पीपीए) वाले मौजूदा आईपीपी द्वारा धारा 62 के तहत पीपीए वाली नई विस्तार इकाई की स्थापना के लिए कर सकते हैं। वहीं, विंडो-I जहां अधिसूचित कीमत से अधिक पर कोयला लिंकेज प्रदान किए जाने हैं। कोई भी घरेलू कोयला आधारित विद्युत उत्पादक जिसके पास पीपीए है या आयातित कोयला आधारित विद्युत संयंत्र अधिसूचित मूल्य से अधिक प्रीमियम का भुगतान करके 12 महीने तक की अवधि के लिए या 12 महीने से अधिक की अवधि से लेकर 25 वर्ष तक की अवधि के लिए नीलामी के आधार पर कोयला प्राप्त कर सकता है और विद्युत संयंत्रों को अपनी पसंद के अनुसार विद्युत बेचने की सुविधा प्रदान कर सकता है।

सरकारी बयान में बताया गया कि लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल), सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) को निर्देश जारी किए जाएंगे। सके अलावा, संबंधित मंत्रालयों और सभी राज्यों को भी संशोधित शक्ति नीति से अवगत कराया जाएगा, जिससे संबंधित विभागों/प्राधिकरणों और नियामक आयोगों को भी इसके बारे में बताया जा सके। व्यापार करने में आसानी की भावना से संशोधित शक्ति नीति की शुरुआत के साथ कोयला आवंटन के लिए मौजूदा आठ पैरा को केवल दो विंडो में मैप किया गया है।

# रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास, उठ रहे सवाल



■ इंग्लैंड सीरीज से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट फॉर्मेट को कहा अलविदा

चर्चित राजनीति। एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी। इस दौरान भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैच खेले जाएंगे। इस सीरीज से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट फॉर्मेट को ही अलविदा कह दिया है। बुधवार शाम को खबर आई थी कि सिलेक्टर्स ने रोहित शर्मा को भारत की टेस्ट टीम के कप्तान के पद से हटाने और इंग्लैंड दौरे के लिए किसी नए कप्तान को चुनने का फैसला किया है। इसके कुछ समय बाद ही रोहित ने इंस्टाग्राम पर क्रिकेट को अलविदा कह दिया। रोहित शर्मा के संन्यास के बाद से ही सवाल उठने लगे हैं कि क्या रोहित फेयरवेल मैच पाने के हकदार नहीं थे। रोहित आखिरी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में खेलते हुए नजर आए थे।

सीरीज में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। ऐसे में वह सिडनी में खेले गए आखिरी टेस्ट में भी नहीं खेले थे। निजी कारणों से रोहित सीरीज का पहला टेस्ट भी नहीं खेले थे। इसके बाद अगले 3 टेस्ट की 5 पारियों में उन्होंने 6.20 की औसत से 31 रन बनाए थे। ऐसे में वह सिडनी टेस्ट से खुद ही बाहर हो गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम की कमान संभाली थी। ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज पर 3-1 से कब्जा जमाया था। बता दें कि रोहित इंग्लैंड में भारतीय टीम की कप्तानी करना चाहते थे। उन्होंने हाल ही में माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट 'बियॉन्ड 23' में इंग्लैंड में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के साथ आक्रमण की अगुआई करने को लेकर अपनी उत्सुकता के बारे में बात की थी। इसके बाद से तय हो गया था कि रोहित इंग्लैंड दौरे पर जा रहे हैं। हालांकि, अब वह सिर्फ वनडे में खेलते नजर आएंगे। टी20 विश्वकप जीतने के बाद उन्होंने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। रोहित शर्मा का टेस्ट में ड्रीम डेब्यू हुआ था। हालांकि, अंत कुछ खास नहीं रहा। रोहित ने साल 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। इस मैच में उन्होंने 301 गेंदों का सामना किया था और 177 रन की पारी खेली थी। अपनी इस पारी में हिटमैन ने 23 चौकों के साथ ही 1 छक्?का लगाा था। रविचंद्रन अश्विन और रोहित के बीच 280 रन की पार्टनरशिप हुई थी।

> टी20 विश्वकप जीतने के बाद उन्होंने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। रोहित शर्मा का टेस्ट में ड्रीम डेब्यू हुआ था। हालांकि, अंत कुछ खास नहीं रहा। रोहित ने साल 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। इस मैच में उन्होंने 301 गेंदों का सामना किया था।

**रोहित शर्मा के सम्मान में गौतम गम्भीर के 3 शब्द हर फैंस के दिल में बसे :** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने 7 मई 2025 को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान किया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ जून 20 तारीख से खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज से पहले लाल गेंद प्रारूप से विदाई ले ली।

हिटमैन के इस फैसले ने हर किसी को हैरान कर दिया। सोशल मीडिया पर रोहित के रिटायरमेंट पर हर कोई अपनी प्रतिक्रिया दे रहा हैं। अब आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर का रिएक्शन सामने आया है। दरअसल, भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने अपने एक्स पर लिखा, एक मास्टर, एक कप्तान और एक रत्न! हैशटैग रोहित शर्मा। वहीं, आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने रोहित के टेस्ट संन्यास पर रिएक्ट किया और एक्स पर लिखा, टेस्ट क्रिकेट में आपके साहसिक नेतृत्व और अपने करियर के सबसे लंबे प्रारूप के फैंस को मनोरंजन करने के लिए रोहित आपका धन्यवाद। मैदान पर और मैदान के बाहर भविष्य की पारियों के लिए आपको शुभकामनाएं। रोहित शर्मा के सबसे पुराने ओपनिंग पार्टनर शिखर धवन उनके संन्यास के फैसले पर इमोशनल नजर आए।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि एक चैप्टर क्लोज हुआ, पर यादें हमेशा जिंदा रहेंगी। शानदार टेस्ट करियर के लिए चीयर्स। रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट में भारत की कप्तानी 24 मैचों में की, जिसमें से 50 प्रतिशत मैचों में उन्हें जीत मिली। रोहित की कप्तानी में भारत ने 24 में से 12 मैच जीते, 9 मैच में हार झेली और 3 मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। इस फॉर्मेट में उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि ये रही कि उन्होंने 2023 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भारत को जिताया। उनकी कप्तानी में भारत ने 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती और वह ऐसे दूसरे भारतीय कप्तान बने (धोनी के बाद) जिनकी कप्तानी साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज ड्रॉ हुई। बतौर कप्तान रोहित ने 24 मैच में 30 की औसत से 1254 रन बनाए, जिसमें उनके बल्ले से 4 शतक निकले।

**कोई गार्डन में घूमेगा तो, अनूठे अंदाज से हमेशा हिटमैन रहेंगे रोहित शर्मा :** भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यूं तो कई सुपरस्टार हुए हैं लेकिन मुंबई की बोरिवली के बिंदास क्रिकेटर रोहित शर्मा ने अपनी अलग छाप छोड़ी है। रोहित ने भी अपने एक दशक से अधिक के टेस्ट क्रिकेट के सफर में अपने लिए अलग जगह बनाई। उनके बल्ले से निकले बेहतरीन पूल शाट्स और उनकी निच्छल सी मुस्कान हर क्रिकेटप्रेमी के दिल में हमेशा चस्पा रहेंगी। आलोचक यह तर्क दे सकते हैं कि 75 से भी कम मैच खेलने वाले रोहित का टेस्ट करियर औसत ही रहा जिसमें वह सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया) देशों के विरुद्ध एक ही शतक जड़ पाए, लेकिन प्रशंसकों के लिए उनके बल्ले का जादू कुछ अलग ही था। रोहित के बारे में सबसे अच्छी बात यह रही कि इंटरनेट मीडिया और पीआर के इस दौर में भी अपने स्टारडम को कभी उन्होंने संजीदगी से नहीं लिया। मैदान पर रोहित कप्तान रहे लेकिन मैदान के बाहर एक अगुआ। उनके मशहूर वाक्य कोई गार्डन में घूमेगा तो पर इंटरनेट मीडिया में कई मीम बने। हाल ही में उनसे पूछा गया कि वह किस मशहूर हस्ती को अपने साथ डिनर पर बाहर ले जाना चाहेंगे तो उन्होंने कहा, किसी को नहीं। मैं अपने गार्डन में घूमने वाले बच्चे सरफराज खान, यशस्वी जायसवाल या शुभमन गिल के साथ जाना चाहूंगा। टी20 विश्व कप में हार्दिक पांड्या को अंतिम ओवर सौंपने में वह नहीं हिचकिचाये और ना ही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान आर अश्विन को टीम के साथ बने रहने के लिए मनाने में उन्हें वक्त लगा। इसी सीरीज में सिडनी में अंतिम टेस्ट में खुद को बाहर रखने के उनके फैसले पर सालों साल बहस हो सकती है लेकिन इसमें किसी को शक नहीं होगा कि उनका हर फैसला , चाहे वह सही हो या गलत, ईमानदारी से लिया गया।

**टाइम, स्टेडियम, सब कुछ धोनी जैसा, रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास में बने ये संयोग आपको चौंका देंगे :** 15 अगस्त 2020 का वो दिन जब आज से पांच साल पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का एलान कर हर किसी को चौंका दिया था। धोनी ने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें उन्होंने गीत लगाया था मैं पल दो पल का शायर हूं ये अभी भी फैंस के दिमाग में बसा हुआ हैं। अब ठीक धोनी के अंदाज में रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से विदाई ले ली हैं। बुधवार यानी 7 मई 2025 को रोहित ने जिस तरह से अपने टेस्ट रिटायरमेंट का एलान किया, उसे देखकर हर कोई चौंक गया। सिर्फ रिटायरमेंट का एलान देखकर ही नहीं, बल्कि धोनी और रोहित के टेस्ट संन्यास में बने 3 गजब के संयोग ने सबको हैरान कर दिया। आइए जानते हैं धोनी और रोहित के टेस्ट रिटायरमेंट में बने 3 गजब कनेक्शन। धोनी और रोहित के टेस्ट संन्यास के 3 कनेक्शन- एमएस धोनी ने जब अपने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट का एलान किया था तब उन्होंने जो पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया था, उस वक्त समय 7 बजकर 29 मिनट हो रहा था। ठीक धोनी की तरह आज रोहित शर्मा ने 7 मई 2025 को रात के 7 बजकर 29 मिनट पर अपने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का एलान किया।

एमएस धोनी ने अपने करियर का घरेलू टेस्ट मैच मुंबई के वानखेड़े मैदान पर साल 2013 में खेला था। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम किया था। उस वक्त भारत के कप्तान धोनी ही थे, जो अपने आखिरी होम टेस्ट मैच में 4 रन बना पाए थे। धोनी की तरह रोहित ने भी अपने करियर का घरेलू टेस्ट मैच मुंबई के वानखेड़े मैदान पर साल 2024 में खेला। रोहित की कप्तानी में घरेलू टेस्ट मैच में भारत को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने भारत को घर में तीन मैच की टेस्ट सीरीज में 3-0 से मात दी।

भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने टेस्ट करियर का आखिरी मुकाबला साल 2014 में मेलबर्न ग्राउंड पर खेला था। वो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। ठीक माही की तरह रोहित शर्मा ने भी अपने टेस्ट करियर का आखिरी मैच मेलबर्न में खेला, जो कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहा। मेलबर्न टेस्ट मैच में भारत को जीत नहीं मिली। इस मैच में रोहित पहली पारी में 3 रन और दूसरी पारी में 9 रन बनाकर आउट हुए। बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज की बाट जोह रहे भारतीय फैंस को रोहित शर्मा ने बड़ा झटका दिया। बुधवार शाम को हिटमैन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट से टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 38 साल के रोहित शर्मा का अंतिम मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टेस्ट था। खराब प्रदर्शन के कारण रोहित ने सिडनी में खेले गए 5वें टेस्ट से खुद को बाहर रखा था। भारत को इस सीरीज में 1-3 से हार मिली थी। रोहित ने 2021 में विराट कोहली के इस्तीफे के बाद कप्तानी संभाली थी। उनका पहला असाइनमेंट श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की सीरीज थी। उन्होंने 2021/23 साइकिल में भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचाया। हालांकि, फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया था।




रोहित शर्मा ने 2023 साइकिल की शुरुआत वेस्टइंडीज में सीरीज जीत के साथ की इसके बाद 2024 में इंग्लैंड पर 4-1 की जीत दर्ज की। हालांकि, न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 0-3 की हार और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-3 की हार ने दबाव बढ़ा दिया। रोहित ने जून में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले संन्यास ले लिया है। ऑस्ट्रेलिया में खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारतीय टीम एक मैच ही जीत सकी थी। हालांकि, इस इकलौते में रोहित शर्मा भारतीय टीम की कप्तानी नहीं कर रहे थे।

# मष्तिष्क को स्वस्थ और जागृत रखने के लिए 'माइंड मैराथन क्विज' महत्वपूर्ण : डॉ. राजेश्वर सिंह





■ सरोजनी नगर में 100 डिजिटल केन्द्रों की स्थापना से 50,000 युवाओं को मिलेगा नि:शुल्क प्रशिक्षण : डॉ. राजेश्वर सिंह

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** वृन्दावन योजना स्थित एल्डिको सौभाग्यम में आयोजित माइंड मैराथन क्विज कॉम्पटीशन में सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहभागिता कर युवाओं का मार्गदर्शन किया।

इस दौरान विधायक ने एल्डिको सौभाग्यम में 30वीं लाइब्रेरी का लोकार्पण और 14वें रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र (हरौनी बाजार) का विर्चुअल लोकार्पण भी किया। विधायक ने क्विज कॉम्पटीशन के दौरान युवाओं से सीधे सवाल पूछे, सही जबाब देने वालों को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित भी किया। क्विज में अथर्व सिंह ने प्रथम स्थान, अक्षत श्रीवास्तव, स्नेहा मिश्रा और अंशुमान सिंह ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान जबकि सान्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान सरोजनी नगर विधायक वरिष्ठ नागरिकों के साथ कैरम खेलते भी नजर आये। कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि माइंड मैराथन सिर्फ स्मरण शक्ति की नहीं, बल्कि मानसिक सहनशक्ति, जिज्ञासा और अनुप्रयोग की परीक्षा है। जैसे शरीर को फिट रखने के लिए मैराथन जरूरी है, वैसे ही यह प्रतियोगिता मस्तिष्क को प्रशिक्षित करती है।

क्विज युवाओं में तेज निर्णय क्षमता, मानसिक दबाव में संतुलन, और रणनीतिक सोच जैसे गुणों का विकास करती है जो आने वाले कल के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मानसिक फिटनेस के रूप में क्विज - जैसा कि शरीर को व्यायाम की आवश्यकता होती है, उसी तरह मस्तिष्क को भी प्रशिक्षण की जरूरत होती है। ब्रेन गेम्स जैसे क्विज न केवल शैक्षिक तनाव को कम करते हैं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। विधायक ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा हाईस्कूल परीक्षा पास करने के बाद जनरल स्टडी और एनसीआरटी पुस्तकों पर ध्यान देना चाहिए, क्योकि आने वाले पी?ी के लिए कम्पटीशन लगातार ब?ता जा रहा है। आज यूपीएससी परीक्षा में 15 लाख से अधिक युवा प्रतिभाग करते हैं।

विधायक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा आज के बच्चों में अटेंशन स्पैन घटना चिंताजनक है, वर्ष 2000 में बच्चों का अटेंशन स्पैन 20 सेकेंड था जो अब घटकर 8 सेकेंड से भी कम हो गया है। करीब 4.2 करो? छात्र - छात्राओं के साथ भारत में विश्व का दूसरा सबसे ब?ा हायर एजुकेशन नेटवर्क है, लेकिन आंक? कहते हैं कि करीब 46ब युवा ही रोजगार पाने योग्य कौशल इकट्ठा कर पाते हैं, इस लिए माइंड मैराथन जैसे आयोजनों का होना महत्वपूण है। विधायक ने बताया सरोजनी नगर के आरडब्लूए में ऐसे आयोजन होते रहेंगे।

**14वें रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र का लोकार्पण :** कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र हरौनी का विर्चुअल लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक ने कहा रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केन्द्रों की स्थापना मेरा सपना था, आज सरोजनी नगर में 14 केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। विधायक ने बताया मेरा लक्ष्य ऐसे 100 केंद्र स्थापित करना है, जिनसे हर गाँव और हर मोहल्ले में युवाओं को माइक्रोसोफ्ट ऑफिस, टैली, विडियो एडिटिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट आदि कौर्स का निःशुल्क प्रशिक्षण मिल सके। विधायक ने बताया 100 केन्द्रों की स्थापना से सरोजनी नगर के कम से कम 50,000 युवाओं को डिजिटल शिक्षा का निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम में एल्डिको सौभाग्यम के अध्यक्ष विवेक सिंह राठौर, जनरल सेक्रेटरी विवेक ओझा, भाजपा नेता, शैलेंद्र सिंह, सुमन सिंह राठौर, डिप्टी डायरेक्टर एसकेडी कुशुम भत्रा, श्वेता दीक्षित, आभा सिंह, अनीता तलवार, शिव शंकर सिंह शंकरी, ओम प्रकाश यादव, मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्या, आर. एन. सिंह, अनिल कुमार मिश्रा, आर. जी. बघेल, कमलेश चन्द्र शुक्ला, संदीप सक्सेना, रमन कक्कड़, आलोक सिन्हा, राजेन्द्र शर्मा, अनिल कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### एमएस धोनी का पुराना अवतार, ब्रेविस और दुबे के अर्द्धशतकों के दम पर चेन्नई को मिली जीत




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिवम दुबे की शानदार पारी और डेवाल्ड ब्रेविस के अर्धशतक और आखिरी ओवर में एमएस धोनी के फिनिशर वाले अवतार के के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को उसके घर ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दो विकेट से हरा दिया। इसी के साथ कोलकाता की प्लेऑफ की उम्मीदों को झटका लगा है। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 179 रन बनाए। चेन्नई ने ये टारगेट 19.4 ओवरों में आठ विकेट खोकर हासिल कर लिया। ये चेन्नई की 12 मैचों में तीसरी जीत है। उस नौ मैचों में हार मिली है और चार अंकों के साथ ये टीम प्वाइंट्स टेबल में 10वें नंबर पर है। वहीं कोलकाता के 12 मैचों में पांच जीत और छह हार के साथ 11 अंक हैं और वह छठे नंबर पर है। कोलकाता को प्लेऑफ में जीत के लिए हर मैच में जीत चाहिए थी, लेकिन इस मैच में हार से उसके अभियान को झटका लगा है। चेन्नई को ये जीत तब मिली जब उसने 60 रनों पर ही अपने पांच विकेट खो दिए थे। यहां से फिर ब्रेविस और दुबे ने मैच को पलटना शुरू किया। चेन्नई के दोनों ओपनर आयुश महात्रे और डेवन कॉन्वे बिना खाता खोले आउट हो गए। पहले ओवर की दूसरी गेंद पर वैभव अरोड़ा ने आयुष को आउट किया। उनके बाद आए आईपीएल डेब्यू कर रहे उर्विल पटेल ने कुछ अच्छे हाथ दिखाए। इस बल्लेबाज ने 11 गेंदों पर एक चौके और चार छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। उन्होंने शुरू के दो ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की। इसी बीच दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर डेवन कॉन्वे को मोईन अली ने बोल्ड कर दिया। उर्विल पटेल को राणा ने आउट किया। उनका विकेट तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर गिरा। रविचंद्रन अश्विन को प्रमोट किया गया और वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। हालांकि, कुछ खास योगदान नहीं दे सके। राणा ने उन्हें आठ के निजी स्कोर पर अंगकृष रघुवंशी के हाथों कैच कराया।

जडेजा लय में आ रहे थे,लेकिन वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। उन्होंने 10 गेंदों पर 19 रन बनाए। चेन्नई की उम्मीदें खत्म होती दिख रही थीं, लेकिन डेवाल्ड ब्रेविस और इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आए शिवम दुबे ने स्टेडियमों में चौके-छक्कों की बारिश कर दी। ब्रेविस ने अपना आक्रामक अंदाज दिखाया और तेजी से रन बनाए। 22 गेंदों पर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया जो उनका पहला आईपीएल अर्धशतक है। 13वें ओवर की पहली गेंद पर वरुण ने ब्रेविस को भी पवेलियन भेज दिया। उन्होंने 25 गेंदों पर 52 रन बनाए। अपनी पारी में इस बल्लेबाज ने चार चौके और चार छक्के मारे। ब्रेविस के जाने के बाद शिवम दुबे न अपनी बल्लेबाजी जारी रखी और चेन्नई की जीत की उम्मीदों को जिंदा रखा। एमएस धोनी भी उनका साथ दे रहे थे। आखिरी दो ओवरों में चेन्नई को जीत के लिए 18 रन चाहिए थे। 19वें ओवर की चौथी गेंद पर दुबे की पारी का अंत भी हो गया। दुबे ने 40 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। आखिरी ओवर में चेन्नई को जीत के लिए आठ रनों की जरूरत थी। धोनी ने आंद्रे रसेल के ओवर की पहली ही गेंद पर छक्का मारते हुए मैच का रुख चेन्नई की तरफ कर दिया।

## अंशुला कपूर ने दादी के लिए लिखा प्यारा नोट बोलीं- उन्होंने सिखाया प्यार का सबसे अच्छा तरीका



**बो**नी कपूर की बेटी अंशुला कपूर ने बताया कि वह अपनी दादी निर्मल कपूर को मिस कर रही हैं। अंशुला ने दिवंगत दादी के लिए प्यारा नोट शेयर करते हुए यह भी बताया कि उन्होंने ही सिखाया कि प्यार का सबसे अच्छा तरीका क्या है। अंशुला ने कैप्शन में लिखा, दादी के लिए, अगर आप उन्हें जानते हैं, तो यह पता होगा कि उनकी प्रेम की भाषा लोगों को खिलाना था और वह इसे खास तरीके से कहती थीं। उन्होंने हमें एक साथ रखा, उन्होंने हमें बहुत कुछ सिखाया। जब तक उनका शरीर उन्हें अनुमति देता रहा, तब तक उन्होंने हमें संभाला। अंशुला ने आगे कहा, दादू की बहुत याद आती है और अब मुझे उम्मीद है कि दोनों ऊपर एक-दूसरे को पा चुके होंगे। उन्होंने मुझे सिखाया कि किसी से प्यार करने का सबसे अच्छा तरीका उसे दिल से खिलाना है और मुझे लगता है कि यह वह सीख है, जिसे मैं जीवन भर अपने साथ संभालकर रखूंगी। लव यू दादी। इससे पहले अनिल कपूर ने मां के लिए इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, जीवन के हर क्षेत्र से मिल रहा प्यार अभिभूत करने वाला है। मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि हम कितने आभारी हैं। अनिल कपूर ने आगे लिखा, मेरी मां ने कई लोगों की जिंदगी पर असर डाला। उन्होंने अपने परिवार को खूब प्यार और लगाव के साथ सींचा, पालन-पोषण, समर्थन और प्यार किया। वह उन मजबूत महिलाओं में से एक थीं, जो कभी सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन जिनकी ताकत ने सभी को एक साथ बांधे रखा। वह परिवार की एक मजबूत और शांत स्तंभ थीं। वह हमेशा खुश रहतीं और हमेशा सभी की परवाह करने वाली थीं। उनके आस-पास रहने से एक अलग तरह की एनर्जी, उत्साह का आभास होता था। वह एक गोंद की तरह थीं, जिसने अपने परिवार, बच्चों, पोते-पोतियों और दोस्तों तक को बांधे रखा। वह हमेशा दूसरों पर प्यार लुटाती रहती थीं। वह हम सबके दिलों में हमेशा जिंदा रहेंगी। **:: एजेंसी**

## 5 साल के लिए अजय देवगन ने किराए पर दिया ऑफिस, हर महीने कमाएंगे 5.47 लाख

**बॉ**लीवुड एक्टर अजय देवगन उन स्टार्स में से हैं जो फिल्मों के साथ-साथ एड्स और प्रोपर्टीज के जरिए भी पैसे कमाते हैं। इस समय भी जहां एक तरफ अजय देवगन की फिल्म रेड 2 बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर रही है। वहीं दूसरी तरफएक्टर ने अपना एक ऑफिस किराए पर दे दिया है जिससे उन्हें हर महीने लाखों की कमाई होगी। जी हां, अजय देवगन ने मुंबई के अंधेरी में 5 साल के लिए लीज पर दिया है। यह 2,545 स्क्वायर फुट में फैला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस ऑफिस को किराए पर देने के बाद अजय देवगन को हर महीने 5.47 लाख किराया मिलेगा। ऑफिस का किराया हर तीन साल में बढ़ेगा। अजय देवगन का यह ऑफिस अंधेरी वेस्ट की सिग्नेचर बाय लोटस नाम की कमर्शियल बिल्डिंग में है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस डील की मार्च 2025 में रजिस्ट्री की गई। इसे मई 2025 से अप्रैल 20230 तक के लिए लीज पर दिया गया है। पहले तीन साल इस ऑफिस का किराया 5.47 लाख प्रति महीना रहेगा। इसके बाद बचे दो सालों के लिए यह बढ़कर 6.29 लाख प्रति महिला हो जाएगा। इस हिसाब से देखा जाए तो अजय देवगन अपने इस ऑफिस को किराए पर देने के बाद पांच साल के अंदर 3.3 करोड़ की कमाई करेंगे। अजय देवगन ने अप्रैल 2023 में एक ही बिल्डिंग में तीन ऑफिस यूनिट खरीदी थीं, जिनकी कीमत 30.35 करोड़ रुपये थी। अजय देवगन की मुंबई में कई प्रॉपर्टी हैं जिनसे उन्हें करोड़ों की कमाई होती है। साल 2024 में भी एक्टर ने अपना एक ऑफिस स्पेस किराए पर दिया था। सिग्नेचर टावर में स्थित इस ऑफिस को डायरेक्टर कबीर खान ने अजय देवगन से 7 लाख महीने किराए पर लिया था। इसके अलावा उनका एक और घर है शिवशक्तिश, जिसमें वह फिलहाल परिवार के साथ रहते हैं। इसकी कीमत 40 करोड़ बताई जाती है। इसके अलावा लंदन पार्क लेन में उनकी 54 करोड़ की प्रॉपर्टी है। कर्जत में 28 एकड़ कृषि जमीन और 6 सीटर प्राइवेट जेट है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस के मुताबिक, उनकी नेट वर्थ 427 करोड़बताई जाती है। **:: एजेंसी**

## फिल्म 'कांतारा 2' की शूटिंग में हादसा

**इ**न दिनों कर्नाटक के कोल्लूर में फिल्म 'कांतारा 2' की शूटिंग चल रही है। ऋषभ शेट्टी अभिनीत, निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग में पिछले कुछ महीनों से कई तरह की दिक्कत आ रही हैं। मंगलवार को भी केरल के रहने वाले एक जूनियर आर्टिस्ट की मौत की खबर सामने आई, इस शख्स की मौत नदी में डूबने से हुई। **:: एजेंसी**

# द केरल स्टोरी के दो साल पूरे, अदा शर्मा ने कहा-लड़कियों की रोल मॉडल बनने पर खुश हूं

**5** मई 2023 को बड़े पर्दे पर एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसका नाम है 'द केरल स्टोरी' इस फिल्म को लेकर खूब बवाल मचा। फिल्म की कहानी केरल की चार लड़कियों के धर्मांतरण पर आधारित है। फिल्म में लव जिहाद, हिजाब और आईएसआईएस जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते इस फिल्म को काफी विरोध का सामना करना पड़ा। आज इस फिल्म को रिलीज हुए दो साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर एक्ट्रेस अदा शर्मा ने आईएएनएस से बात की और बताया कि क्यों यह फिल्म आज भी दर्शकों के दिलों में बसी हुई है। अदा ने कहा, दर्शक और बॉक्स ऑफिस नाम, पैसे या पारिवारिक पहचान नहीं देखते। वे काम और मेहनत देखते हैं। मैं दर्शकों की आभारी हूं। मैं ऐसे बहुत से लोगों से मिलती हूं, जिन पर फिल्म ने गहरा असर डाला है और सबसे प्यारी बात, जिसकी मुझे बहुत खुशी है कि मैं देश की लड़कियों और महिलाओं के लिए एक प्रेरणा बन पाई हूं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर फिल्म से जुड़ी कुछ बीटीएस फोटोज शेयर की। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में अदा के शरीर पर चोटों और घावों के निशान साफ नजर आ रहे हैं, जो उनके किरदार का हिस्सा थे। इन फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, इंसान का दिमाग 75 प्रतिशत पानी से बना होता है। पानी की कमी से आपका फोकस, मेमोरी और सोचने की शक्ति पर असर पड़ सकता है।

फिल्म द केरल स्टोरी के लिए मुझे कुछ अच्छा पोस्ट करना है, लेकिन इतने सारे फोटोज और वीडियोज हैं कि समझ नहीं आ रहा क्या पोस्ट करूं। सबके साथ बहुत सारे इमोशन्स जुड़े हुए हैं। 5 मई को आपने इतिहास रच दिया। थैंक यू आप सभी को! द केरल स्टोरी में अदा शर्मा ने एक हिंदू परिवार की लड़की शालिनी उन्नीकृष्णन का किरदार निभाया था, जो नर्स बनने का सपना लेकर घर से दूर एक कॉलेज में आती है। यहां उसकी मुलाकात आसिफा से होती है। जैसे-जैसे फिल्म की कहानी आगे बढ़ती है तो पता चलता है कि आसिफा आईएसआईएस के लिए लड़कियां भेजने का काम करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे आसिफा अपने साथियों की मदद से लड़कियों को



अपना धर्म बदलने के लिए उकसाती है। यह फिल्म 5 मई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और साल की नौवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। फिल्म के निर्देशक सुदीप्तो सेन और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह हैं। सपनों की नगरी मुंबई में एक और फैशन वीक का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवुड हसीनाएं अपनी दिलकश अदाएं दिखा रही हैं। हेमा मालिनी से लेकर मनारा चोपड़ा समेत कई एक्ट्रेस ने हुस्न का जादू बिखेरा लेकिन उन हसीनाओं में से एक ऐसी भी हसीना है जो रैंप पर 'तलवार' लेकर पहुंच गई और वहां मौजूद ऑडियंस के सामने मार्शल आर्ट मूव्स दिखाने लगी। हम यहां खूबसूरत और मोस्ट टैलेंटेड एक्ट्रेस अदा शर्मा की बात कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में डिजाइनर नियारा इंडिया के लिए ओपनर के तौर पर रैंप वॉक किया। ब्लैक कलर के भारी एंब्रॉयडरी वाले लहंगे में अदा बेहद की खूबसूरत दिखीं। इस लहंगे के साथ उन्होंने डीप नेक ब्लाउज पेयर किया था। उन्होंने अपने दुपट्टा को एक कंधे पर साड़ी स्टाइल में पिन किया हुआ था। दुपट्टे पर भी हैवी एंब्रॉयडरी लहंगे से मैच करते हुए पूरे लुक को और भी रॉयल बना रही थी। उनके मेकअप की बात करें तो ये एकदम ग्रेसफुल और मैच्योर लुक था। उनकी आंखों का मेकअप काफी खूबसूरत था। न्यूड लिपशेड, हल्का फाउंडेशन और कंटूरिंग ने उनके फेस को हाईलाइट किया हुआ था। माथे पर बड़ा मांग टीका,गले का हैवी चोकर अदा के लुक को रॉयल टच दे रहा था। उनके चेहरे पर गजब का कॉन्फिडेंस दिखाई दे रखा था। हाथ में तलवार थामे अदा एक दम योद्धा रानी की तरह रैंप पर चल रही थीं। इसकेबाद उन्होंने तलवार को दोनों हाथों में पकड़ कर क्लासिकल वारियर स्टाइल में स्ट्राइकिंग पोज दिया है जो किसी मार्शल आर्ट की तरह लग रहा था। उनकी बॉडी लैंग्वेज ने हर किसी को हैरान कर दिया।

करियर की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2008 में विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म 1920 से की थी। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी सराहना मिली थी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 17 साल के करियर में अदा अब तक 38 फिल्मों और कई सीरीज में काम कर चुकी हैं। उनकी सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म 2023 में आई द केरल स्टोरी थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर

**अदा ने कहा, दर्शक और बॉक्स ऑफिस नाम, पैसे या पारिवारिक पहचान नहीं देखते। वे काम और मेहनत देखते हैं। मैं दर्शकों की आभारी हूं। मैं ऐसे बहुत से लोगों से मिलती हूं, जिन पर फिल्म ने गहरा असर डाला है और सबसे प्यारी बात, जिसकी मुझे बहुत खुशी है कि मैं देश की लड़कियों और महिलाओं के लिए एक प्रेरणा बन पाई हूं।**

286.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी।आखिरी बार अदा फिल्म तुमको मेरी कसम में नजर आई थीं। वहीं दूसरी ओर अभिनेत्री अदा शर्मा ने वैलेंटाइन डे पर यह बताया कि उन्हें एक लड़के में कौन सा गुण सबसे आकर्षक लगता है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें बैड बॉयज बिल्कुल भी पसंद नहीं हैं। अपने परफेक्ट मैन के बारे में बात करते हुए अदा ने कहा, मुझे लगता है कि एक पुरुष का सबसे आकर्षक गुण यह है कि वह अपना फोन दूर रख सके और वर्तमान में मौजूद रहे। मुझे बैड बॉयज बिल्कुल पसंद नहीं हैं, ठीक वैसे ही जैसे मुझे खराब खाना पसंद नहीं है।

अदा ने कहा, मुझे अच्छे संस्कारी लड़के पसंद हैं। अगर वह मेरे चुटकुलों पर हंसता है, तो वह रिश्ते में खुश रहेगा! मेरे लिए किसी लड़के की बॉडी से ज्यादा उसका ब्रेन, खासकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में ग्रे मैटर की अधिक मात्रा, ज्यादा मायने रखती है। वैलेंटाइन डे से पहले गुरुवार को अदा ने 1996 की फिल्म राजा हिंदुस्तानी के गीत आए हो मेरी जिंदगी में का पैरोडी शेयर किया था। अपनी मजेदार शैली में अदा ने गीत के बोल बदल दिए और आए हो मेरी जिंदगी में तुम शैतान बनके गाया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, शैतानों को भेजो प्यार फैलाओ! हैप्पी वैलेंटाइन डे! सदी का सबसे रोमांटिक प्रॉपेगैंडा गाना भाग 2। अदा अगली बार महेश भट्ट की तुमको मेरी कसम में अनुपम खेर और इश्वाक सिंह के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट कर रहे हैं और यह 21 मार्च को रिलीज हुई। फिल्म में अनुपम खेर, अदा शर्मा और ईशा देओल भी हैं। तुमको मेरी कसम एक ड्रामा है जो इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित है। विक्रम ने इससे पहले सुपरहिट मास एंटरटेनर गुलाम, आवारा पागल दीवाना और कसूर सहित कई फिल्मों का निर्देशन किया है। अदा रीता सान्याल के दूसरे सीजन में भी दिखेंगी। इसके अलावा, अदा एक इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में काम करेंगी। बताते चलें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा सोशल मीडिया पर जो कुछ भी शेयर करती हैं, उसमें हमेशा थोड़ी हंसी भी मिला देती हैं। इस बार उन्होंने एक लापरवाह नहीं बनने के लिए अच्छा रिमाइंडर शेयर किया है। अदा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटोशूट की कई फोटो शेयर कीं। हालांकि, उन्होंने जो आउटफिट पहना था, उस पर पानी का निशान था। **:: नेशनल डेस्क**

# बर्फ का पानी बन सकता है हार्ट अटैक की वजह

**ग**र्मी का मौसम जोरों पर है और हर दिन तापमान बढ़ता जा रहा है। कई इलाकों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है और मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं।

ऐसे में, तेज धूप और गर्म हवाओं से शरीर का पानी जल्दी सूखने लगता है और बार-बार प्यास लगती है। इस मौसम में ठंडा पानी पीना मानो एक सुकून भरा अनुभव होता है। लेकिन क्या बर्फ मिलाकर पानी पीना वाकई फायदेमंद है? अक्सर देखा जाता है कि लोग गर्मी में अपने पीने के पानी में बर्फडालकर पीते हैं। इसमें कोई शक नहीं कि यह ठंडक और राहत देता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि



यह आदत धीरे-धीरे आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक बन सकती है? आयुर्वेद के साथ-साथ आधुनिक डॉक्टरों की भी यह सलाह है कि जरूरत से ज्यादा ठंडा या बर्फ वाला पानी शरीर पर नकारात्मक असर डाल सकता है। ईशा फाउंडेशन के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु ने इस विषय पर जानकारी देते हुए बताया है कि पानी कितना ठंडा होना चाहिए जिससे वह शरीर के लिए नुकसान न बन जाए। सद्गुरु ने बताया कि अमेरिका जैसे देशों में लोग आमतौर पर एक गिलास पानी में 3-4 बर्फके टुकड़े डालकर पीते हैं। परंतु अगर आप योगी हैं या अपने शरीर और मन को बेहतर बनाना चाहते हैं तो आपको ऐसा पानी पीना चाहिए जो आपके शरीर के तापमान से ज्यादा अंतर न रखे। हमारे शरीर का सामान्य तापमान लगभग 37 डिग्री सेल्सियस होता है। शरीर के भीतर यह लगभग 30 डिग्री सेल्सियस तक महसूस होता है। इसलिए, 26 से 34 डिग्री सेल्सियस तापमान का पानी सबसे सही माना जाता है। अगर तापमान थोड़ा ऊपर हो, यानी 40 डिग्री सेल्सियस तक भी हो, तो भी यह नुकसानदायक नहीं है। **:: लोकल डेस्क**

## पथरी को जड़ से खत्म कर सकता है ये 500 साल पुराना आयुर्वेदिक नुस्खा, बस रोजाना पिएं ये खास ड्रिंक

**आ**जकल की अनियमित जीवनशैली और खान-पान के कारण किडनी स्टोन, जिसे आम भाषा में पथरी कहा जाता है, एक बहुत ही सामान्य लेकिन दर्दनाक बीमारी बनती जा रही है। यह समस्या तब होती है जब हमारे यूरिन (मूत्र) में मिनरल और सॉल्ट की मात्रा जरूरत से ज्यादा हो जाती है। इनकी अधिकता की वजह से ये धीरे-धीरे जमा होकर छोटे-छोटे पत्थर जैसे बन जाते हैं जो कि गुर्दे, मूत्राशय या मूत्रमार्ग में रहने लगते हैं और समय-समय पर बहुत तेज दर्द का कारण बनते हैं। हालांकि मेडिकल इलाज से पथरी की समस्या दूर की जा सकती है लेकिन कुछ प्राकृतिक और आयुर्वेदिक उपाय भी काफी असरदार साबित हो सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट किरण कुकरेजा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो के माध्यम से एक 500 साल पुराना आयुर्वेदिक नुस्खा बताया है, जो पथरी की परेशानी को दूर करने में मदद कर सकता है। यह नुस्खा न केवल पथरी को तोड़ने में मदद करता है, बल्कि शरीर को अंदर से साफकरने और यूटीआई (मूत्र संक्रमण) से राहत दिलाने में भी फायदेमंद माना जाता है। न्यूट्रिशनिस्ट किरण बताती हैं कि यह नुस्खा है बार्ली वाटर यानी जौ का पानी। यह एक प्राचीन आयुर्वेदिक पेय है, जिसे रोजाना पीने से शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थ बाहर निकलने लगते हैं और पथरी की समस्या में राहत मिलती है। **:: एजेंसी**

# प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

## पूरा हुआ बेटियों

को 6.81 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया है, जो दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रक्षा बजट है।

**कमजोर सरकारें आतंक के विरुद्ध कार्रवाई से डरती थी :** कल ही भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब सत्ता सम्हाली तब भारत 11वें स्थान पर था। कितना अच्छा लगा जब दो बेटियां बता रही थी, किस तरह से हमारी मातृशक्ति की पहचान के रूप में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने इस मिशन के सफल होने की घोषणा की यह भारत की नारी शक्ति की हुंकार थी। पहले लगातार बन धमाके होते थे, लखनऊ की कचहरी, संकट मोचन मंदिर, 26/11मुंबई हमला हुआ, तब कमजोर सरकारें आतंक के विरुद्ध कार्रवाई से डरती थी। आज मजबूत सकरार है, हर घटना का मुह तोड़ जबाब दिया जाता है तभी आतंकवाद, नक्सलवाद का कोई स्थान नहीं, आने वाली पीढ़ियों के लिए देश में हमेशा एक राष्ट्रवादी सरकार आवश्यक होगी, इस लिए हमारा दायित्व है, इस विचारधारा को, भाजपा को मजबूत किया जाए। उत्तर प्रदेश में सीएम् योगी आदित्यनाथ ने PWD का बजट 19 हजार करोड़ से बढ़ाकर 38 हजार करोड़ तक पहुंचाया है। इसी प्रकार नगर विकास और विद्युत विभाग का बजट दोगुना हुआ है। प्रदेश में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ, जिससे देश - विदेश की कंपनियां लखनऊ और यूपी के दूसरे शहरों में अपना व्यवसाय स्थापित कर रही हैं। विधायक ने बताया सीएम योगी ने प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को नंबर वन बनाया, सीएम की नीतियों के परिणाम स्वरुप यूपी देश का अग्रणी राज्य है। सरोजनीनगर विधायक ने अपने उद्बोधन में आगे जोड़ा हमारा कार्यालय 24 घंटे संचालित है, सरोजनी नगर में अगर किसी को खून की आवश्यकता पड़ी तो वो भी हमारी टीम ने दिया है। अब तक 118 आपका विधायक - आपके द्वार% जनसुनवाई शिविर के माध्यम से गाँव - गाँव जाकर करीब 5500 जनसमस्यों के निवारण का प्रयास किया गया। 41 राम रथ श्रवण अयोध्या यात्रा के माध्यम से 5,000 से अधिक श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराया गया, 30 RWA's में लाइब्रेरी स्थापित कराई गयी। विधायक ने बताया इन अभिनव योजनओं के माध्यम से सरोजनी नगर को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष ख्याति मिली है। भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या ने अपने संबोधन में कहा की विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों और मंडल के सभी बूथों तक विकास की गंगा बहा रहे हैं, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर रहे हैं, उनका दु:ख - सुख जानने का प्रयास कर रहे हैं, ये अनुकरणीय है। 1400 से अधिक स?कों का सुदृढ़ीकरण, सोलर क्षमता के विकास आदि कार्यों का उल्लेख कर जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सरोजनीनगर में निरंतर हो रहे विकास कार्यों को जन - जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। सम्मेलन के दौरान ही विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने 2 नए तारा शक्ति केन्द्र देवामऊ और हनुमानपुरी का लोकार्पण कर संचालिकाओं सीमा गुप्ता और अंजू यादव को बधाई दी, सरोजनीनगर में अब तारा शक्ति केन्द्रों की संख्या ब?कर 153 हो चुकी है। गौरतलब है कि तारा शक्ति केंद्र (सिलाई सेंटर) डॉ. राजेश्वर सिंह का फ्लैगशिप प्रोग्राम है, जिसके अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को सिलाई - कढाई मशीनें प्रदान कर महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जाते हैं। मंडल पदाधिकारी सम्मेलन के दौरान सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को ग्रामीण, शहरी क्षेत्रों के विकास कार्यों, युवाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण से सम्बंधित और अन्य विषयों से सम्बंधित विवरणिकायें (पैम्फलेट) भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, सुशील गुप्ता, राज कुमार रोहित, भारत मौर्या, संजय लोधी, कर्नल दयाशंकर दुबे, शंकरी सिंह, रमाशंकर त्रिपाठी, बसंती लोधी, के. एन. सिंह, अरुण द्विवेदी, अरविन्द दीक्षित, राजन सिंह, अजय अवस्थी, अमन सिंह चौहान, सतगुरु रावत, पी. के. मिश्रा, प्रियंका सिंह, रीना उपाध्याय, कुमकुम निगम, सुमन सिहं राठौर, अन्नू त्रिपाठी, मीना सिंह व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## सुरक्षा बलों के

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवान समेत विभिन्न इकाइयों के जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान अंतरराज्यीय सीमा पर बीजापुर (छत्तीसगढ़) और मुलुगु तथा भद्राद्री-कोठागुडेम (तेलंगाना) के दोनों ओर लगभग आठ सौ वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैले दुर्गम इलाके और घने जंगल में जारी है। यह स्थान राजधानी रायपुर से 450 किलोमीटर दूर है। उन्होंने बताया कि बताया कि जिस इलाके में अभियान चल रहा है वह पहाड़ियों के अलावा घने जंगलों से घिरा हुआ है तथा इसे माओवादियों की पीएलजीए (पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी) की बटालियन नंबर एक का सुरक्षित ठिकाना माना जाता है। बटालियन नंबर एक माओवादियों का सबसे मजबूत सैन्य इकाई है। अधिकारियों ने बताया कि जानकारी मिली है कि माओवादियों की पीएलजीए की बटालियन नंबर एक, तेलंगाना राज्य समिति और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) के पांच सौ से अधिक नक्सली अपने नेताओं के साथ इलाके में बैठक के लिए एकत्र हुए थे तथा छिपे हुए थे।

## पाकिस्तानी ठिकानों पर

हुए हैं। बयान के मुताबिक भारतीय हमलों में पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद और एक अन्य शहर कोटली को भी निशाना बनाया गया है। बहावलपुर को आतंकवादी संगठन जैश ए मुहम्मद का मुख्यालय बताया जाता है. भारत का आरोप है कि इस संगठन ने कई सीमा पार हमलों को अंजाम दिया है. समाचार एजेंसी डीपीए को रक्षा सूत्रों से जानकारी मिली है कि पूर्वी शहर लाहौर को भी निशाना बनाया गया है. हालांकि पाकिस्तान की सेना ने इसकी पुष्टि नहीं की है. लाहौर के पास एक छोटे से टाउन में एक और आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा का मुख्यालय होने की बात कही जाती है। पहलगाम हमले के बाद बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने कहा था कि भारत की तरफसे होने वाली किसी भी सैन्य कार्रवाई का वह कड़ा जवाब देगा। भारतीय रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात में पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में कम से कम नौ जगहों को निशाना बनाया गया है, ष्जहां पर भारत में हुए आंतकवादी हमले की योजना बनाई गई थी. ष् मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, इस कार्रवाई में ष्आंतकवादी ढांचेष् को निशाना बनाया गया। मंत्रालय ने यह भी कहा है, हमारी कार्रवाई केंद्रित, नपी तुली और बढ़ावा नहीं देने वाली प्रकृति की थी. पाकिस्तानी सेना के किसी केंद्र को निशाना नहीं बनाया गया है. भारतीय सेना ने इस कार्रवाई को ष्ऑपरेशन सिंदूरष् नाम दिया है।परमाणु शक्ति से लैस दोनों देशों के बीच 22 अप्रैल से ही तनाव बढ़ गया है. उस दिन आतंकवादियों ने भारतीय कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या कर दी थी. भारत का आरोप है कि पाकिस्तान आतंकवादियों का समर्थन करता है और उन्हीं लोगों ने इस हमले को अंजाम दिया था. पाकिस्तान ने इस मामले में कोई भूमिका होने से साफइनकार किया और इसकी स्वतंत्र जांच कराने की पेशकश की थी। भारतीय सेना के हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है, अभी अभी इसके बारे में सुना. मुझे लगता है कि लोगों को पता था कि हाल की घटनाक्रम के आधार पर कुछ होने वाला है. वे लंबे समय से लड़ रहे हैं. आप जानते हैं कि वे बहुत दशकों से, सदियों से लड़ रहे हैं, अगर इसे देखा जाए तो. है ना. मैं बस उम्मीद करता हूं कि यह जल्दी से खत्म हो। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने जानकारी दी है कि भारत ने हमले के बारे में अमेरिका को जानकारी दी है. दूतावास से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से बातचीत कर हमले का ब्यौरा दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफने भारत के हमले की निंदा की है. उन्होंने कहा है, ष्धोखेबाज दुश्मन ने पाकिस्तान में पांच जगहों पर कायराना हमले किए हैं। और उनका देश इसका जवाब देगा. शरीफका कहना है, ष्पाकिस्तान को भारत की ओर से लादी गई युद्ध की कार्रवाई का जवाब देने का पूरा हक है, और इसका जवाब दिया जा रहा है.ष् पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि उनका देश और उनकी सेना, अच्छे से जानते हैं कि दुश्मन से कैसे निपटना है। इस बीच खबर आ रही है कि इंडियन एयरलाइंस ने जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट को जाने और वहां से आने वाली सारी उड़ानें बुधवार दोपहर तक के लिए रद्द कर दी हैं. भारत ने 7 मई, बुधवार को पहले से ही देश के कई राज्यों में युद्ध की स्थिति आने पर बचाव का अभ्यास करने की योजना बनाई थी। समाचार एजेंसी डीपीए के मुताबिक पाकिस्तान ने अपना वायु क्षेत्र 48 घंटे के लिए बंद कर दिया है. पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमले के बाद आपातकाल की घोषणा कर दी गई है. इसके साथ ही मेडिकलकर्मियों को सभी क्षेत्रों में अलर्ट पर रखा गया है।

## सेना ने दिखाया

कार्रवाई को जनता का भी पूर्ण समर्थन प्राप्त है। योगी ने कहा, देश की आन-बान और शान के साथ कोई भी खिलवाड़ करेगा, तो उसे परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। दरअसल, मुख्यमंत्री राजधानी में नागरिक सुरक्षा तैयारियों का जायज़ा लेने पहुंचे थे, जहां उन्होंने मॉक ड्रिल के माध्यम से आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की. इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## विकास की दौड़

द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा एवं विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने इन कार्यक्रमों को अंत्योदय की संकल्पना का जीवंत उदाहरण बताते हुए प्रत्येक जनपद एवं विकास खंड को सतत निगरानी और परिणाम आधारित रणनीति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपदों में निरंतर प्रयास, समीक्षा और अनुश्रवण के कारण उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

## मुख्यमन्त्री योगी ने

दिन में रिहर्सल की गई। उसमें बमबारी-भगदड़ का सीन क्रिएट किया गया। सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी गई कि बमबारी हुई है और भगदड़ मची है। कई लोग घायल हो गए हैं। इस सूचना पर पुलिस जवानों के साथ सिविल डिफेंस के लोग घटनास्थल पर पहुंचते हैं और लोगों को बाहर निकालते हैं। मेडिकल पोस्ट पर लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जाता है।

## मुर्मू व मोदी

अमेरिका के एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ब्रिटेन के एनएसए जोनाथन पॉवेल, सऊदी अरब के एनएसए मुसैद अल ऐबन, यूएई के एनएसए शेख तहनून, यूएई के एनएससी के महासचिव अली अल शम्सी और जापान के एनएसए मासातका ओकानो से बात की। इसके अलावा, रूस के एनएसए सर्गेई शोइगु, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी और फ्रांस के राष्ट्रपति के राजनयिक सलाहकार इमैनुएल बोन्ने के साथ भी संपर्क स्थापित किया गया। डोभाल ने अपने समकक्षों को भारत की तरफसे की गई कार्रवाई और क्रियान्वयन के तरीके के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का तनाव बढ़ाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान तनाव बढ़ाने का फैसला करता है तो भारत इसका दृढ़ता से जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। एनएसए आने वाले दिनों में भी अपने समकक्षों के साथ संपर्क में रहेंगे। वहीं, 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने बुधवार की सुबह संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां

## सुरक्षा कारणों के चलते देश के 9 बड़े हवाई अड्डे 10 मई तक अस्थाई रूप से बंद

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी समूह का प्रमुख गढ़ बहावलपुर भी शामिल है। इस कार्रवाई बाद देश में हाई अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां हैं।

भारत में सुरक्षा कारणों के चलते जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट जैसे महत्वपूर्ण हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। ये सभी एयरपोर्ट 10 मई सुबह 5:30 बजे तक बंद रहेंगे। एयर ट्रैफिक पर असर पड़ा है और यात्रियों को अलर्ट किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, यह निर्णय ऑपरेशन सिंदूर के बाद बनी सुरक्षा परिस्थितियों और संभावित जवाबी खतरों के मद्देनजर लिया गया है। सभी एयरपोर्ट्स पर एयर फोर्स और सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती बढ़ा दी गई है, और पूरे देश में सतर्कता के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर के नाम से अंजाम दिया गया जो भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे सैन्य तनाव का एक और अध्याय है। भारत-पाक सैन्य टकराव का इतिहास भारत की स्वतंत्रता और इसके विभाजन के बाद 1947 की लड़ाई से शुरू होता है, जो पुलवामा आत्मघाती हमले के जवाब में भारत की ओर से 2019 में की गई बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक तक फैला है। 1947 (पहला भारत-पाक युद्ध) रू इस युद्ध को प्रथम कश्मीर युद्ध के रूप में भी जाना जाता है। यह तब शुरू हुआ जब नव स्वतंत्र राष्ट्र भारत और पाकिस्तान के बीच तत्कालीन जम्मू कश्मीर रियासत को लेकर संघर्ष छिड़ गया। इसकी शुरुआत अक्टूबर 1947 में हुई जब पाकिस्तान समर्थित कबायली मिलिशिया ने रियासत पर आक्रमण कर दिया। महाराजा हरि सिंह द्वारा जम्मू कश्मीर के भारतीय संघ में विलय के बाद, भारत ने इस क्षेत्र की रक्षा के लिए अपनी सेना भेजी, जिससे दोनों देशों के बीच बड़े पैमाने पर संघर्ष हुआ। यह संघर्ष जनवरी 1949 तक जारी रहा, जब संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से संघर्ष विराम लागू किया गया, जिसके परिणामस्वरूप नियंत्रण रेखा (एलओसी) के रूप में भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर का विभाजन हुआ। 1965 (दूसरा भारत-पाक युद्ध)रू 5 अगस्त, 1965 को कश्मीर को लेकर सशस्त्र संघर्ष छिड़ गया। यह तब शुरू हुआ जब हजारों पाकिस्तानी सैनिकों ने स्थानीय विद्रोहियों के वेश में जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पार भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की। 'ऑपरेशन जिब्राल्टर के नाम से जाना जाने वाला गुप्त अभियान, इस क्षेत्र को अस्थिर करने और स्थानीय विद्रोह को भड़काने के उद्देश्य से चलाया गया था। भारत ने सैन्य हमला करके

### • भारत ने की जवाबी कार्रवाई

जवाब दिया, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पूरी तरह जंग में बदल गया। युद्ध 23 सितंबर, 1965 तक जारी रहा, जब दोनों पक्ष तत्कालीन सोवियत संघ और अमेरिका की मध्यस्थता से युद्ध विराम पर सहमत हुए। 1971 (बांग्लादेश मुक्ति संग्राम) 1971 का भारत पाक युद्ध पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) पर पाकिस्तानी सेना के दमन की कार्रवाई और उस हिस्से से उठी स्वतंत्रता की मांग के कारण शुरू हुआ था। भारत ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम के समर्थन में युद्ध में प्रवेश किया और फिर, पूर्वी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर भीषण लड़ाई के बाद, 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया। इस युद्ध के कारण बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया। 1999 (करगिल युद्ध)रू 1999 का करगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच ऊंचाई वाले क्षेत्र में हुआ संघर्ष था, जो उस साल मई से जुलाई तक लड़ा गया था। तब पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के करगिल क्षेत्र में पर्वत चोटियों पर कब्जा कर लिया था। भारत ने वायु सेना के 'ऑपरेशन सफेद सागर के समर्थन के साथ क्षेत्र पर पुनः नियंत्रण प्राप्त करने के लिए 'ऑपरेशन विजय शुरू किया। 26 जुलाई, 1999 को भारत के इस क्षेत्र पर पुनः नियंत्रण प्राप्त करने के साथ युद्ध समाप्त हो गया। इस दिन को अब 'करगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2016 (उरी हमला) 18 सितंबर, 2016 को जम्मू कश्मीर के उरी में भारतीय सेना के एक केंद्र पर हुए आतंकवादी हमले में 19 सैनिकों के शहीद होने के बाद भारत ने 28-29 सितंबर की दरमियानी रात को नियंत्रण रेखा के पार सर्जिकल स्ट्राइक की।

भारतीय सेना ने पीओके में कई आतंकवादी लॉन्च पैड को निशाना बनाया, जिसमें घुसपैठ की तैयारी कर रहे कई आतंकवादी ढेर हो गए। 2019 (पुलवामा हमला) 26 फरवरी, 2019 को, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर हवाई हमले किए। पुलवामा आतंकी हमले में 40 सीआरपीएफजवान मारे गए थे। बालाकोट 'एयर स्ट्राइक में लड़ाकू विमानों का उपयोग करते हुए भारत ने पाकिस्तानी क्षेत्र में अंदर तक आतंकी शिविर को निशाना बनाया। यह 1971 के युद्ध के बाद पहला ऐसा हवाई हमला था।

**आपरेशन सिन्दूर की सफलता पर खुशी जताई :** पहलगाम में 26 हिन्दुओं की हत्या का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिन्दूर से पाकिस्तान में नौ जगह पर आतंकवादियों के स्थानों को तहस-नहस करने व आतंकवादियों को मारकर बदला लेने पर गोमतीनगर के नागरिकों ने खुशी जताई तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा सेना के जांबाज सैनिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार के द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ पाकिस्तान में घुसकर मारने पर पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों के परिजनों व उनकी पत्नियों को कुछ अवश्य राहत मिलेगी। पाकिस्तान को भारत में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने पर उसका खामियाजा जरूर भुगतना पड़ेगा। दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीयों ने बहुत सहन कर लिया, अब दहन की बारी है। रेखा शर्मा ने बदला लेने की कार्यवाही की सराहना की। इस अवसर पर ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा, राज कुमार हर्ष, रेखा शर्मा, एस. के. सक्सेना, आर. एस. भटनागर, पी. एस. उपाध्याय, दीपक श्रीवास्तव, सुब्रमण्यम, रजनीश कुमार व प्रथम यादव शामिल रहे।

**आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को जवाब देना जरूरी :** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा ने पहलगाम में हुये आतंकी हमले के बाद आज भारतीय सेना की पाकिस्तान में हुयी एयर स्ट्राइक का स्वागत करते हुये कहा है कि यह कारवाई आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को जवाब देने के लिये जरूरी है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि आतंक के पनाहगार को जवाब देने के लिये उठाया गया यह कदम और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा ताकि आतंकवाद को पूरी तरह से नेस्तनाबूत किया जा सके।

मालूम हो कि बीते माह पहलगाम में आतंकी हमले में धर्म के आधार पर 26 हिन्दु पर्यटकों को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। श्री त्रिवेदी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर भरोसा जताते हुये कहा कि अब समय आ गया है कि देश में स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहे रोहिंग्या और अवैध बंगलादेशी मुस्लिमों के साथ भारत में चोरी छुपे रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भी बाहर निकालने का रास्ता दिखायेंगे।

# देश–विदेश डायरी

## ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान में रेड अलर्ट पीएम शहबाज शरीफ करेंगे देश को संबोधित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान को रेड अलर्ट पर रखा गया है। देश भर के सरकारी अस्पताल किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। साथ ही सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र 24 से 36 घंटों के लिए बंद कर दिया गया है। भारतीय सेना के हमलों के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफबुधवार दोपहर राष्ट्र को संबोधित करेंगे। उन्होंने देश में मौजूदा सुरक्षा स्थिति और भारत के खिलाफ भविष्य की कार्रवाई पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास में एक आपातकालीन राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक भी बुलाई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में नीति तैयार की जाएगी और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित वैश्विक शक्तियों के हस्तक्षेप पर भी विचार किया जाएगा, जिन्होंने दोनों पक्षों से संयम बरतने तथा दोनों परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच तेजी से बढ़ रहे तनाव को कम करने का आह्वान किया है। दरअसल, भारत की तरफ से आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले के बाद राजधानी इस्लामाबाद और पंजाब प्रांत के सभी शिक्षण संस्थान भी बंद कर दिए गए हैं और सभी सुरक्षा बलों को तैयार रहने को कहा गया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफचौधरी ने कहा कि हवाई हमलों में कम से कम 26 लोग मारे गए हैं और 46 अन्य घायल हुए हैं। नयी दिल्ली ने कहा कि हवाई हमलों में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पंजाब प्रांत में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया। भारत के हमलों और इस्लामाबाद की जवाबी कार्रवाई ने स्थानीय लोगों को झकझोर दिया है, जो डर रहे हैं कि यह दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध का कारण बन सकता है। ये हमले 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किए गए, जिसमें चार आतंकियों ने 26 नागरिकों को बेरहमी से मार डाला था। भारतीय सेना की ओर से किए गए हमलों में पाकिस्तान के छह अलग-अलग स्थानों को निशाना बनाया गया, जिसमें बहावलपुर शहर के अहमदपुर शर्किया इलाके में स्थित मस्जिद सुभानअल्लाह भी शामिल है। यह जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मौलाना मसूद अजहर का कथित ठिकाना था।इसके अलावा, मुजफ्फराबाद, कोटली और बाग शहरों के अन्य स्थानों के अलावा लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जमात उद दावा (जेयूडी) प्रमुख हाफिज सईद के कथित ठिकाने और मुख्यालय मुरीदके सहित अन्य क्षेत्रों में भी कई हमले किए गए।

## पाकिस्तान ने की भारतीय कार्रवाई का जवाब देने की बात

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने भारत के हवाई हमलों का कड़ा जबाव देने का एलान किया है. बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने कहा कि वो जवाब देंगे और अब समय, जगह और तरीका खुद चुनेंगे। पाकिस्तानी सेना और रक्षा मंत्रालय के इन बयानों के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफने भी कड़ा जवाब देने की बात कही. शहबाज शरीफने कहा, पाकिस्तान को भारत द्वारा थोपे गए युद्ध के इस कृत्य का कड़ा जवाब देने का पूरा अधिकार है और वास्तव में कड़ा जवाब दिया जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा पर लगातार फायरिंग चल रही है. भारत का आरोप है कि पाकिस्तान की गोली बारी में भारतीय कश्मीर में तीन आम नागरिकों की मौत हुई है। पाकिस्तान की सेना ने दावा किया है कि भारत ने उसके पनबिजली संयंत्र को भी निशाना बनाया है. मंगलवार देर रात हुए भारतीय सेना के हमलों के कई घंटे बाद बुधवार को पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफचौधरी ने कहा, भारत ने नीलम झेलम हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को भी निशाना बनाया है। ये हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में है. पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, भारत ने नौसेरी डैम पर हमला किया. चौधरी ने नयी दिल्ली पर आरोप लगाते हुए कहा, ष्कौन सा अंतरराष्ट्रीय नियम और युद्ध कानून या परंपरा आपको ये करने देती है कि आप दूसरे देश के जलाशयों, बांधों और हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट ढांचों को निशाना बनाएं। मीडिया ब्रीफिंग में पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता चौधरी ने कहा, हाइड्रो ढांचों को निशाना बनाना एक अस्वीकार्य और खतरनाक भड़कावा है. क्या हिंदुस्तान, पाकिस्तान की आवाम के पानी को नुकसान पहुंचाना चाहता है? क्या वो जानता है कि इसके क्या नतीजे होंगे?भारत ने दावा किया है कि उसने मंगलवार आधी रात पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में नौ ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं. नयी दिल्ली ने इन हमलों को आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े ठिकानों पर हमला बताया है। भारतीय सेना में कर्नल सोफिया कुरैशी ने इस हमलों के बारे में जानकारी देने के लिए नयी दिल्ली में बुलाई गई प्रेस ब्रीफिंग में कहा, पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए मासूम नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया गया था।

## पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपना हवाई क्षेत्र किया बंद, डायवर्ट की उड़ानें

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत के सैन्य हमला करने के बाद पाकिस्तान ने बुधवार को अपने हवाई क्षेत्र को सभी तरह के हवाई यातायात के लिए 48 घंटे तक बंद करने की घोषणा की। भारतीय हमले के तुरंत बाद पाकिस्तान के विमानन विभाग के अधिकारियों ने इस्लामाबाद और लाहौर के ऊपर हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया और उड़ानों को कराची की ओर मोड़ दिया। इसके बाद एहतियात के तौर पर पूरे हवाई क्षेत्र को 48 घंटे के लिए बंद कर दिया गया। हालांकि, विमानन विभाग से जुड़े अधिकारियों ने आठ घंटे के बंद के बाद हवाई क्षेत्र को फिर से खोल दिया।

## मेला और जागरूकता शिविर लगाकर तालाब पट्टेधारकों को लाभान्वित किया जाय



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** मत्स्य विकास मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने कहा कि मेला एवं जागरूकता शिविर आयोजित करके तालाब पट्टेधारकों को लाभान्वित किया जाए ताकि उनके एक ही स्थान पर सभी जानकारी मिल सके। ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज एवं राजस्व परिषद के साथ समन्वय स्थापित करके 6 महीने के पूर्व ही पट्टे की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। मात्स्यिकी क्षेत्र के विकास से न सिर्फराजस्व की बढ़ोत्तरी होगी बल्कि रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित होंगे। अधिकारी मत्स्य तकनीक के क्षेत्र में हो रहे अभिनव प्रयोगों को अपनाए ताकि मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हो। प्रदेश को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया जाना राज्य सरकार का लक्ष्य है।

मत्स्य व्यवसाय से जुड़कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने एवं आर्थिक उन्नति हेतु मछुआ समुदाय और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्रोत्साहित किया जाए। योजनाओं का और अधिक प्रचार प्रसार और सरलीकरण किया ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने आज विधान सभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में विभिन्न परियोजनाओं यथा निजी भूमि तालाब निर्माण, बैकयार्ड आरएएस, इन्सूलेटेड वैन मोटरसाइकिल विदआइसबाक्स साइकिल विद आइसबाक्स आदि के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जाए। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी प्राप्त करने के लक्ष्य की पूर्ति के संबंध में मत्स्य विकास विभाग के कार्यों की हर 15 दिन में जनपद एवं मुख्यालय स्तर पर समीक्षा की जाए। योजनाओं का क्रियान्वयन तीव्र गति से किया जाए और पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जाए।मत्स्य मंत्री ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं तथा सहकारी समितियो के गठन की समीक्षा की। डॉ निषाद ने कहा कि मत्स्य पालक कल्याण कोष की धनराशि का मछुआ पालकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो, पोखरों की संख्या में वृद्धि की जाय। मत्स्य मोबाइल बिक्री केन्द्रो एवं मत्स्य दुकानों की संख्या में वृद्धि की जाये। उन्होंने मत्स्य क्षेत्र के सभी भूमिहीन मछुआरों को केसीसी के माध्यम से ऋण मुहैया कराने हेतु दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना में और तेजी लाई जाए।

# पर्यटकों की बढ़ती आमद देखते हुये होटलों में बढ़ाये जाएं कमरे

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं,कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रोन्नति, स्थानांतरण, सम्बद्धता एवं लंबित प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करते हुए जनपदों मेंअधिकारियों की रिक्त पदों पर शीघ्र तैनाती की जाए। स्थानांतरण नीति 2025 के तहत प्रस्ताव भी तैयार कराया जाए। सेवा संबंधी लंबित प्रकरणों का अतिशीघ्र समाधान किया जाने की हिदायत दी।

उन्होंने जनपद सोनभद्र में स्थित करोड़ों वर्ष पुराने जीवाश्म पार्क को यूनेस्को की सूची में दर्ज कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही आगामी 30 सितम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 खरब डॉलर बनाने का संकल्प लिया है। इसमें पर्यटन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नए सिरे से तैयारी की जाए। होटल, ढाबों, बारातघर, ग्रामीण होम स्टे एवं शहरी होम स्टे के लिए चिन्हित आवासों में कमरो की संख्या

### • पर्यटन विभाग के अधिकारियों,कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों का किया जाय समयबद्ध निस्तारण : जयवीर

बढ़ाई जाए। बेड एण्ड ब्रेकफास्ट एस्टेब्लिशमेंट एंड होम स्टे पॉलिसी के प्रस्तावों को धरातल पर उतराते हुए पर्यटकों को अधिक से अधिक सुविधाएं सृजित की जाए। राजमार्गो के वे-साइट एमिनिट्सि बढ़ाई जाए। पेट्रोल पंम मालिको से संपर्क कर साफ-सुथरे स्नानघर एवं शौचालय तथा अतिरिकत कमरे बनाए जाने पर जोर दिया जाए। वे-साइट एमिनिटी ,ढाबा को जनपयोगी बनाया जाए। राजमार्गो के किनारे पड़ने वाले होटल जहां पर पर्यटकों का ज्यादा आना जाना होता है।

अवस्थापना सुविधाओं का विकास कियाजाए। उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन स्थल के सर्वाधिक पर्यटक वाराणसी, प्रयागराज, मिरजापुर, लखनऊ, झांसी, बरेली, अयोध्या तथा आगरा आते है। इनसे ट्रेवल ऑपरेटर एवं टूर ऑपरेटर होटल व्यवसायियों के साथ ही आम आदमी को रोजगार मिलाता है और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। पर्यटन सेक्टर में आय की असीमित संभावनाएं है। इसको दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन व्यवसाय से जुड़े व्यवसायियों को पर्यटन नीति-2022 के तहत उपलब्ध सुविधाएं सुलभ कराई जाए। पर्यटन को युवाओं से जोड़ने के लिए युवा क्लबों का अधिक से अधिक गठन तथा इको पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। इसके अतिरिक्त क्यूरेटेड टूर आयोजित किये जाएं एवं कार्ययोजना के तहत युवा पर्यटन क्लबों की पहचान कर पर्यटन क्लबों में गतिविधियां संचलित की जाए। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से इको पर्यटन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में पर्याप्त सहयोग लिया जाए। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से भी अपेक्षित समन्वय किया जाए।

ग्रामीण पर्यटन के तहत एग्री -रूरल एण्ड गंगे ग्राम रूरल टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए। पर्यटन गांव में घरेलू पर्यटको की संख्या 3 लाख से अधिक है तथा विदेशी पर्यटको की संख्या 1 लाख से अधिक है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये भूमि क्रय, अधिग्रहण कार्ययोजना, प्रचार प्रसार, अनाधिकृत स्तर से स्थानांतरण, समबद्धीकरण की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने होटल,ढाबा में बेहतर सुविधाएं तथा प्रदेश में होटल ऑक्यूपेंसी बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में यूपीटीडीसी की एमडी सान्या छावड़ा निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र संयुक्त उपनिदेशक दिनेश कुमार उपनिदेशक मुख्यालय कल्याण सिंह उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में बच्ची सहित 5 की दर्दनाक मौत

**जालौन, एजेंसी।** जिले के एट क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बुधवार को एक कार और ट्रक की टक्कर में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौत हो गई तथा 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना गिरथान गांव के पास तड़के करीब 5 बजे हुई जब बहराइच जिले के मोतीपुर निवासी बृजेश (42) कार से अपने परिवार के साथ झांसी की ओर जा रहे थे। उसने बताया कि गिरथान गांव के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर को तोड़ते हुए सामने से आ रहे एक ट्रक से जा टकराई। पुलिस ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और इस घटना में बृजेश, उनकी पत्नी प्रीति (40), बेटे आशुतोष (13), रिश्तेदार संगीता (33) तथा बृजेश की 3 माह की बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। उसने बताया कि मानवी और नंदा नामक 2 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें उरई के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।




# जातीय जनगणना का फैसला लेकर मोदी ने लिखा नया इतिहास : लक्ष्मण

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जाति जनगणना कराये जाने के ऐतिहासिक फैसले पर सहकारिता भवन में संगोष्ठी एवं आभारसभा हुई जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने की। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातीय जनगणना कराये जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया है। जातीय जनगणना कराने से विशेष कर भारत के अन्य पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या की पहचान होगी। संख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकारों को पाने का अवसर मिलेगा। इस ऐतिहासिक फैसले का ओबीसी मोर्चा एवं ओबीसी समाज हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है। श्री लक्ष्मण ने कहा कि देश इस बात को जानता है कि अन्तिम रूप से जातीय जनगणना आजादी के पूर्व वर्ष 1931 में हुई थी। 94 वर्ष का लम्बा अन्तराल ऐसा गुजरा जिसमें अधिकांश समय में कांग्रेस पार्टी या गैर भाजपा दलों की सरकारे देश में रही है। लेकिन अफसोस कि गैर भाजपाई किसी भी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का कभी साहस नहीं जुटाया और आज उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव तथा तेजस्वी यादव जैसे

### • मोदी के फैसले पर श्रेय लेने की होड़ में हैं विपक्षी
### • जाति जनगणना के फैसले पर हुई संगोष्ठी और आभार सभा

अनेको पिछड़ा वर्ग विरोधी सोच रखने वाले, आज मोदी के जातीय जनगणना कराने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ में खड़े हो गये हैं। अच्छा होता कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल जैसे गैर भाजपाई दलों के नेता भारत के पिछड़े वर्ग के लोगों से माफी मांगते।पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जाति जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। इसके पश्चात एक समिति का भी गठन किया गया जिसमें अधिकांश राजनैतिक दलों ने जातिगत आधार पर जनगणना की संस्तुति की। तत्कालीन केन्द्रीय गृह मंत्री पी चिदम्बरम ने 2011 की जनगणना जातिगत आधार पर कराने का विरोध किया और कहा कि जातियों की गिनती जनगणना में नही बल्कि अलग से कराई जाएगी। इसके बावजूद कांग्रेस की सरकार ने जाति जनगणना की जगह एक सर्वे करवाया जिस पर 4893.60 करोड़ रूपए खर्च किए गए। लेकिन जातिगत आकड़े प्रकाशित नही हुए क्योंकि इस सर्वे में 8.19 करोड़ गलतियां पाई गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा सहित इंडी गठबंधन के तमाम घटक दल जाति आधारित जनगणना के सदैव विरोध में रहे।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जातीय जनगणना के फैसले से आज पिछड़े वर्ग के लोगों में जश्न का माहौल है, लोग खुशियां मना रहे हैं, लड्डू बांट रहे हैं तथा ढोल-बैण्ड बाजे बजाकर प्रधानमंत्री के फैसले का स्वागत कर रहे हैं। क्योंकि जातीय जनगणना होने से सामाजिक न्याय एवं संवैधानिक अधिकारों को पाने के नये अवसर मिलने वाले हैं। ओबीसी समाज के लोगों को शिक्षा, अर्थ व्यवस्था एवं राजनीति में भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। मोदी ने साबित किया है कि वह जो कहते हैं, करके भी दिखाते हैं। भाजपा की विचारधारा अन्योदय से सर्वोदय तक जाने की है। जो जातीय जनगणना के फैसले से सही प्रतीत हो रही है।

श्री कश्यप ने कहा कि देश में गांधी परिवार से 3 प्रधानमंत्री बने हैं जिनमें पं जवाहरलाल नेहरू, इन्दिरा गांधी के अलावा राजीव गांधी। क्या कभी गांधी परिवार ने ओबीसी समाज के लोगों के इस दर्द को समझा? गांधी परिवार तो हमेशा आरक्षण का विरोधी रहा है, ओबीसी समाज का विरोधी रहा है, दलितो का विरोधी रहा है। गांधी परिवार की यह आरक्षण विरोधी नियत देश के सामने उस समय उजागर हो गयी थी जब 1955 के काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को जवाहरलाल नेहरू ने लागू नहीं होने दिया।